रोहतक
सोमवार, 29 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 28, अंक : 02
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 21.5
न्यून. 3.1

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 हॉकी : महिला विश्व कप में उपविजेता रही टीम इंडिया




## अंदर के पन्नों पर

- मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने को अग्रसर पेज-2
- विदेशों में डिमांड न निकलने से टूटे बासमती चावल के दाम पेज-3
- आज बन रहे कानून कल के उज्ज्वल भारत का आधार पेज-7

## खबर संक्षेप



### मुनव्वर फारूकी बने बिग बॉस सीजन-17 के विजेता

**विजेता को 50 लाख रु. और एक क्रेटा एसयूवी मिली**

**मुंबई।** मुनव्वर फारूकी बिग बॉस सीजन-17 के विजेता बने हैं। रविवार की मध्यरात्रि सलमान खान ने विजेता की घोषणा की। इसी के साथ टीवी की दुनिया के सबसे लोकप्रिय रिएलिटी शो में से एक बिग बॉस के 17वें सीजन का पर्दा गिर गया। अभिषेक कुमार शो के रनर अप रहे, जबकि मन्नारा चोपड़ा दूसरी रनर अप रही। सीजन 17 के फिनाले में आखिरी वक्त के ट्विस्ट ने सबको चौंका दिया, जिसमें अभिषेक कुमार टॉप 3 में पहुंचे, जबकि अंकिता लोखंडे बाहर हो गईं। उन्हें जीत के सबसे मजबूत दावेदारों में से एक माना जा रहा था। 'बिग बॉस 17' के विनर मुनव्वर फारूकी ने ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपये की प्राइज मनी और एक क्रेटा एसयूवी जीती है।

## राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र पार्लेकर ने दिलाई शपथ

# नीतीश नौवीं बार बने बिहार के मुख्यमंत्री

*राज्य में एक बार फिर भाजपा-जदयू की सरकार, 8 मंत्रियों ने भी ली शपथ*

## भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा बने उपमुख्यमंत्री

भाषा ▸▸ पटना

जनता दल यूनाइटेड (जद यू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर रविवार को शपथ ली। यहां राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। कुमार के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी और प्रेम कुमार ने भी मंत्रिपद की शपथ ली। जद(यू) नेता विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र यादव और श्रवण कुमार के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की अगुवाई वाले हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों पर एक या दो दिन में निर्णय लिया जाएगा। कुमार ने दिन में यह कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में उनके लिए 'चीजें ठीक नहीं चल रही हैं।' इसी के साथ उन्होंने भाजपा के सहयोग से नयी सरकार बनाने का दावा भी पेश किया था। लगभग डेढ़ साल पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कुमार के पूर्व सहयोगी 'राष्ट्रीय जनता दल' (राजद) ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया, जबकि एक अन्य पूर्व सहयोगी कांग्रेस भी अनुपस्थित रही। *(पैकेज पेज-8 पर)*



### जहां थे फिर वहीं आ गए, अब इधर-उधर जाने का सवाल नहीं : नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जहां थे वहीं फिर आ गए हैं और अब इधर-उधर जाने का कोई सवाल नहीं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि कैबिनेट का विस्तार जल्द होगा। 8 मंत्रियों ने आज शपथ ली है। कुमार ने दिन में यह कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में उनके लिए 'चीजें ठीक नहीं चल रही हैं।' इसी के साथ उन्होंने भाजपा के सहयोग से नयी सरकार बनाने का दावा भी पेश किया था।

### ये दो उपमुख्यमंत्री



सम्राट चौधरी

सवर्ण जाति से ताल्लुक, राज्य विधानसभा में अध्यक्ष, राज्य सरकार में मंत्री और नेता प्रतिपक्ष रह चुके। सिन्हा (64) लखीसराय विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधायक के रूप में निर्वाचित हुए। वहीं, सम्राट चौधरी ओबीसी नेता हैं। शकुनी चौधरी के पुत्र सम्राट राबड़ी देवी की सरकार में मंत्री रहे। शकुनी सेना में रहने के बाद राजनीति में आए। कांग्रेस के सदस्य के रूप में शुरुआत की।



विजय सिन्हा

### दलीय समीकरण

| | |
|---|---|
| कुल सीट | 243 |
| बहुमत का आंकड़ा | 122 |

| सरकार | | विपक्ष | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 78 | राजद | 79 |
| जदयू | 45 | कांग्रेस | 19 |
| हम | 04 | लेफ्ट | 16 |
| निर्दलीय | 01 | अन्य | 01 |
| कुल | 128 | कुल | 115 |

### ये भी बने मंत्री

- डॉ. प्रेम कुमार (भाजपा)
- विजेंद्र प्रसाद (जदयू)
- श्रवण कुमार (जदयू)
- विजय कुमार चौधरी (जदयू)
- संतोष कुमार सुमन (हम)
- सुमित सिंह (निर्दलीय)

**पीएम मोदी ने दी बधाई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर नीतीश कुमार को बधाई दी और कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार सरकार की नयी टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के लोगों की सेवा करेगी।

**मन की बात में बोले पीएम**

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने भारतीयों को एक सूत्र में बांधा

### गणतंत्र दिवस परेड में नारी शक्ति दिखी

### विकसित भारत के संकल्पों को मिला बड़ा आधार

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि भगवान राम का शासन देश के संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत था। उन्होंने कहा कि इस साल हमारे संविधान के निर्माण के 75 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और लोकतंत्र के ये पर्व लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है और ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था।



### सबकी बातों में राम सबके हृदय में राम

उन्होंने कहा, "प्रभु राम का शासन हमारे संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत था और इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने 'देव से देश' की बात और 'राम से राष्ट्र' की बात की थी।" उन्होंने कहा, "अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है। सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके हृदय में राम" प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने 'रामज्योति' जलाई और दिवाली मनाई तथा इस दौरान देश ने सामूहिकता की शक्ति देखी, जो विकसित भारत के संकल्पों का भी बहुत बड़ा आधार है।

### महिलाएं कर रहीं कमाल

प्रधानमंत्री ने इस साल गणतंत्र दिवस परेड को 'बहुत ही अद्भुत' करार दिया और कहा कि इस बार सबसे ज्यादा चर्चा महिला शक्ति की हुई। देश की महिलाएं कमाल कर रही हैं। उन्होंने कहा, "जब कर्तव्य पथ पर केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकडियों ने कदमताल शुरू किया तो सभी गर्व से भर उठे। महिला बैंड का मार्च देखकर, उनका जबरदस्त तालमेल देखकर, देश-विदेश में लोग झूम उठे।

# धुंध, बादल और शीतलहर ने फिर छुड़ाई कंपकंपी

### दो दिन धूप खिलने के बाद फिर बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



प्रदेश में दो दिन धूप खिलने के बाद रविवार को एक बार फिर शीतलहर चलने और आसमान में बादल छाने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण लोग घरों में दुबके रहे। मौसम में ठंड बढ़ने से कई जिलों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। कई इलाकों में इतना घना कोहरा छाया हुआ था कि अलसुबह से लेकर सुबह 11 बजे तक सड़कों पर वाहन चालकों को चार फुट से आगे कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। हिसार में अधिकतम तापमान 21.5 और न्यूनतम तापमान 3.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 31 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव शुरू होगा। एक और 2 फरवरी को पूरे प्रदेश में बादलवाही रहेगी। गरज के साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। इससे फिर ठंड में बढ़ोतरी होगी।

**पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल**

## एसोसिएशन के साथ आज एसीएस की बैठक

**ग्रेड-पे संशोधन-एसीपी पर होगी चर्चा**
**31 तक बढ़ी हड़ताल**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पे-ग्रेड में संशोधन और एश्योर्ड करियर प्रमोशन (एसीपी) को लेकर 3 जनवरी से हड़ताल पर चल रहे राजस्व पटवारियों और कानूनगो को मनाने के लिए सरकार आगे आ गई है। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया है। बैठक में वेतन विसंगतियों को दूर करने और एसीपी को लेकर कोई अहम निर्णय लिया जा सकते हैं। वहीं, एसोसिएशन ने अपनी हड़ताल को 31 तक बढ़ा दिया है। हड़ताल के कारण लोगों को तहसीलों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जमीन की रजिस्ट्री और ट्रांसफर सहित पटवारी और कानूनगो के अंतर्गत आने वाले 75 तरह के काम नहीं हो रहे हैं।

**69वें फिल्म फेयर पुरस्कार की घोषणा**

## रणवीर बेस्ट एक्टर व आलिया को बेस्ट अभिनेत्री का अवॉर्ड

**विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला**

**मुंबई।** 69वें फिल्मफेयर अवॉड्र्स की रविवार देर रात घोषणा की गई। रणवीर कपूर को फिल्म एनिमल के लिए बेस्ट एक्टर और आलिया भट्ट को रॉकी एंड रानी के लिए बेस्ट अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला। विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला। सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री को फिल्म फर्रे के लिए बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। वहीं आदित्य रावल को फिल्म फराज के लिए बेस्ट डेब्यू एक्टर (पुरुष) का अवॉर्ड दिया गया है। बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस की कैटेगरी में शबाना आजमी और बेस्ट सपोर्टिंग का अवॉर्ड विक्की कौशल को मिला। वहीं ओएमजी-2 को बेस्ट स्टोरी का अवॉर्ड दिया गया। इशिता मोइत्रा को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए बेस्ट डायलॉग का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला।

**जनसंवाद** सीएम ने पानीपत में ई-बसों का किया उद्घाटन, करनाल में 3 महीने में शुरू होगी सिटी ई-बस सेवा

*मुख्यमंत्री आवास योजना के पहले चरण में दिए जाएंगे पचास हजार प्लॉट*

# 80 साल से ऊपर के बुजुर्गों के लिए हर जिले में खुलेंगे वृद्ध सेवा आश्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल/पानीपत

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को कहा कि हरियाणा के हर जिले में बुजुर्गों के लिए वृद्ध सेवा आश्रम खोले जाएंगे, जिनमें 50-50 बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था होगी। करनाल में तीन महीने में सिटी ई-बस सेवा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में पहले चरण में 50 हजार प्लाट दिए जाएंगे। आवेदन के लिए दो दिन बाद पोर्टल खोल दिया जाएगा। साथ ही प्रदेश में 200 कॉलोनियों को जल्द ही नियमित किया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को करनाल के माडल टाउन के वार्ड 11 में जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि



नए खोले जाने वाले वृद्ध सेवा आश्रमों में गरीबों के रहने और खाने-पीने की व्यवस्था होगी। साधन संपन्न बुजुर्ग भी अगर आश्रमों में रहना चाहें तो उसके लिए उन्हें राशि का अंशदान करना होगा। उन्होंने कहा कि करनाल में तीन महीने बाद सिटी ई-बस सेवा शुरू की जाएगी। पानीपत में इसकी शुरूआत आज की गई है। यमुनानगर में यह सेवा सोमवार से आरंभ की जाएगी। मनोहर लाल ने कहा कि कोरोना काल खत्म होने के बाद तीसरे साल में प्रदेश सरकार ने विकास को गति देने के लिए कड़ी मेहनत की, जिसके परिणाम अब मिलने लगे हैं। अब घर बैठे लोगों तक केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उन 8 लोगों को वद्धावस्था पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए, जिनकी रविवार को पेंशन बनाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न वर्गों के लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिये।

### सात दिन फ्री सफर

सीएम मनोहर लाल ने रविवार को पानीपत से इलेक्ट्रिक सिटी बस सर्विस शुरू की। पानीपत के अलावा यह बसें पंचकूला, हिसार, सोनीपत, रोहतक, यमुनानगर, अंबाला और करनाल के अलावा रेवाड़ी में यह सेवा शुरू कर दी गई है। पानीपत में इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत के बाद सीएम ने उसमें बैठकर सफर भी किया। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भी ई-बसें चल रही हैं, उनमें शुरूआती 7 दिन सफर फ्री रहेगा। इसके बाद सीएम ने कहा कि हरियाणा के 3 शहरों मानेसर, फरीदाबाद और गुरुग्राम में सिटी बसें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी बसें बैटरी से चलेंगी। इनमें पेट्रोल-डीजल का इस्तेमाल नहीं होगा उन्होंने कहा कि विभाग पोर्टल पर आम जनता से राय लेकर रूट बनाए। बस 10 से 28 किलोमीटर के दायरे में चलेगी। मिनिमम किराया 10 रुपए रखा गया है। (संबंधित खबर पेज 2 पर)



## खबर संक्षेप

### श्री श्याम करूणा ने लगाया भंडारा

**पंचकूला।** यदि हम सभी एक मुटठी भी अन्न का दान करें तो कोई भी भूखा गरीब भूखे पेट नहीं सोएगा। इस सोच के लिए हम सभी को दृढ संकल्प लेना चाहिए और अपनी प्रतिबद्धता का पालन करना चाहिए। यह बात श्री श्याम करूणा फाउंडेशन के चेयरमेन व समाजसेवी अमिताभ रूंगटा ने इंडस्ट्रियल एरिया फेज 1 में 98 वें सामूहिक भंडारे के आयोजन के दौरान कही। इस मौके पर अमिताभ रूंगटा के साथ फाउंडेशन के अन्य सदस्यों में अनुपमा रुंगटा,चैतन्य रूंगटा, प्रगति रूंगटा, दीपाली रूंगटा, सुखपाल सिंह, सुरेश जांगरा, शेखर झा , निधि संधु, सुशांत ,राजू,, सीमा ,मोहन यादव,बिमेश,अवदेश व अन्य उपस्थित थे।

### दंगा नियंत्रण के लिए पुलिस ने किया अभ्यास

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा-निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन सेक्टर 30 में दंगा नियंत्रण के लिए अभ्यास किया गया। फरीदाबाद पुलिस की दंगा नियंत्रण के लिए बनाई गई 5 कंपनियां के सभी जवानों को मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया। गठित की गई पांच कंपनियों में 3 जोन की एक-एक कंपनी, एक कम्पनी क्राइम की तथा महिला की एक कंपनी शामिल है।दंगा नियंत्रण के लिए गठित की गई पुलिस आयुक्त कार्यालय की कंपनी ने पुलिस लाइन सेक्टर 30 में ड्रिल आयोजित की गई।

### लोगों ने मन की बात कार्यक्रम सुना

**फरीदाबाद।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने रविवार को सेक्टर-16 स्थित अपने कार्यालय पर नववर्ष में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 109वां एपिसोड अपने कार्यकर्ताओ के साथ बैठकर सुना और लाइव टीवी पर देखा। इस मौके पर विपुल गोयल ने तकरीबन दो हजार से ज्यादा जरूरतमंद लोगों कों कार्यालय से ही कम्बल भी वितरित किये।

### पुलिस ने चोरी के आरोपित को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने चोरी के मुकदमे में एक आरोपी चोर को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम शाइन है जो फरीदाबाद की गांधी कॉलोनी का रहने वाला है और नशा करने का आदी है। आरोपी ने मुजेसर एरिया में स्थित एक वर्कशॉप से रेडमी का मोबाइल फोन चोरी किया था जिस संबंध में मुजेसर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर : कैप्टन अभिमन्यु

## भाजपा नेता ने स्याहड़वा में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक देश को विकासशील से विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प देश की जनता के सामने रखा है। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस संकल्प में साथ दें और इसे पूरा करने में अपना योगदान दें ताकि देश में राम राज्य की कल्पना को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र बनने के दिशा में कदम बढ़ा चुका है। देश हर क्षेत्र में तेजी से तरक्की कर रहा है। विश्व पटल पर देश की धाक मोदी राज में ही कायम हुई है। जिसका लोहा विश्व भी मानता है।

■ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की कर रहा

पूर्व वित्तमंत्री रविवार को नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांव स्याहड़वा में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। ग्राम पंचायत, ग्रामीणों एवं शहीद नमन खेल खेल समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में दिन-रात प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत, राम राज्य की अवधारण, महिलाओं को बराबर की भागीदारी, किसान, मजदूर, दलित, बेरोजगार युवा सहित हर वर्ग के कल्याण की दिशा में काम कर रहे है।


हिसार। ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।


हिसार। स्याहड़वा में वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते ग्रामीण।

**यूपीए सरकार में आए दिन घोटाले होते थे :** कैप्टन अभिमन्यु ने पूर्व की यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उस समय आए दिन घोटाले होते थे, लेकिन आज 10 वर्षों में एक भी घोटाला नहीं हुआ, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का कमाल है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में केवल अपनी व अपने बेटों की भलाई के लिए काम होता था, आम जनता का कोई ध्यान नहीं था। समाज का हर वर्ग लगातार पिछड़ रहा था। किसानों, मजदूरों और युवाओं की सुध लेने वाला कोई नहीं था। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने पर सब कुछ बदल गया। सरकार समाज के रह वर्ग का कल्याण कर रही है। किसानों और मजदूरों को समय समय पर आर्थिक मदद दी जा रही है।

# पानीपत में इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारंभ, पहले सात दिन फ्री यात्रा

## मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाई, बस में सफर भी किया प्रदेश में 450 ई-बसों का संचालन होगा


पानीपत। लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।


पानीपत। ई-बस में यात्रा करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

ऐतिहासिक नगरी पानीपत के साथ आज उस समय एक और सुखद अध्याय जुड़ गया, जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पानीपत के नए बस स्टैंड सिवाह से इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य न सिर्फ प्रदेश के लोगों को सुगम परिवहन सुविधा का लाभ पहुंचाना है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को भी कम करना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पानीपत में पहले सात दिन इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा मुफ्त करने की घोषणा की, ताकि लोग अपनी कार व निजी वाहनों को छोड़ सार्वजनिक परिवहन से यात्रा कर सकें। सिटी बस सेवा का रूट भी शहर के लोगों की मांग व आवश्यकता को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। पानीपत में फिलहाल तीन इलेक्ट्रिक सिटी बस चालू की गई हैं। शीघ्र ही पांच अन्य बसों को भी बेड़े में शामिल किया जाएगा। सिटी बस सेवा यात्री किराया 10 से 50 रुपये के बीच होगा और रूट 28 से 30 किलोमीटर का होगा। शहर के लगते गांवों में सिटी बस सेवा का चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पानीपत के लोगों को सिटी बस सेवा आरंभ होने पर शुभकामना दी और स्वयं भी सिटी बस से यात्रा की। उनके साथ राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, सांसद संजय भाटिया, शहर विधायक प्रमोद विज और परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप विर्क ने भी यात्रा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिवाह का बस स्टैंड उनके स्वयं के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस बस स्टैंड का नींव पत्थर के बाद उद्घाटन भी 18 जुलाई 2023 को उन्होंने ही किया था। आज यहीं से पानीपत सिटी बस सेवा शुरू की गई है, जिसका लोगों को भरपूर लाभ मिलेगा।

### जून में सात शहरों में शुरू होगी ई- बस सेवा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने बताया कि पानीपत और जगाधरी में सिटी बस के लांच के बाद पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, रेवाड़ी, करनाल, रोहतक और हिसार सहित सात शहरों में सरकार की ओर से जून 2024 तक इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल जो प्रदेश के वित्तमंत्री भी हैं, उन्होंने अपने वर्ष- 2023-2024 के बजट अभिभाषण के दौरान घोषणा की थी कि प्रदेश के 9 नगर निगमों और रेवाड़ी शहर में सिटी बस सेवा शुरू की जाएगी, जिसकी शुरुआत आज पानीपत से उन्होंने स्वयं की है। इसी कड़ी में गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद में मौजूदा सिटी बस सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। यह पूरे देश में किसी भी राज्य द्वारा शुरू की गई एक अनूठी परियोजना बन गई है।

## मुख्यमंत्री बोले, करनाल से ही लडूंगा विधानसभा चुनाव

**करनाल।** करनाल पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महा गठबधंन पर शायरी के करते हुए तंज कसा। वहीं उन्होंने यह भी करनाल से बाहर चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर क्लीयर किया कि मैं करनाल से ही चुनाव लड़ूंगा। मेयर व पार्षदों के चुनाव के सवाल पर सीएम मनोहर लाल ने कहा कि अभी उसमें वार्डबंदी व अन्य कार्य चल रहे है, क्योंकि करनाल के साथ अन्य नगर इकाईयां है उन सभी का यह काम कंप्लीट होते ही लोकसभा के साथ या फिर आगे पीछे चुनाव करवाए जा सकते है। एनडीए में नीतिश कुमार की पार्टी जेडीयू के जुड़ने के सवाल पर सीएम ने कहा कि जो आएगा उसका स्वागत है। सवाल किया गया कि जिन लोगों ने इंडिया गठबंधन बनाया है वही छोड़कर चले गए है, तो सीएम ने शायरी के साथ जवाब दिया और कहा कि दिल के टुकड़े हुए हजार, कोई ईधर गिरा कोई उधर गिरा। जिन लोगों ने गठबंधन बनाया है, उनका कोई भरोसा नहीं है। क्योंकि जिसने गठबंधन बनाया है उसको यह समझ नहीं है कि उसे क्या करना है और जो शामिल होते है न ही उन्हें कोई समझ होती है। इस दौरान मुख्यमंत्री से जब सवाल किया गया कि आपके करनाल से बाहर चुनाव लड़ने की काफी चर्चाए हो रही है। तो इस बार आप करनाल से ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है। या बाहर से ही चुनाव लड़ेगा। इस पर सीएम ने हंसते हुए जवाब दिया कि मैने मना ही कब किया है। मैं यहीं से चुनाव लडूंगा।

■ महागठबंधन पर तंज, दिल के टुकड़े हुए हजार, कोई इधर गिरा कोई उधर गिरा

### एसआरके ग्रुप को जनता देगी जवाब

कांग्रेस के एसआरके ग्रुप की जन संदेश यात्रा को लेकर सीएम ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को यात्राएं निकालने व अपनी बात कहने का अधिकार है। सब जनता के पास जाए, आखिर उनकी करनी उनके सामने आएगी और जनता जो अहसास कर रही है जो महसूस कर रही है, उसका जवाब जनता उनको जरूर देगी।

## डॉक्टरों व संगठनों से आज बैठक करेंगे स्वास्थ्य मंत्री

**चंडीगढ़।** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री सोमवार को हरियाणा के डॉक्टरों (एचसीएमएस) और दर्जनभर बाकी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ में वार्ता करेंगे। मंत्री विज प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी मांगों को लेकर



बातचीत कर समाधान पर मंथन करेंगे । मिशन-2024 लोकसभा औऱ विधानसभा चुनावों से पहले कर्मचारी संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर अभी से दबाव भी बनाया जा रहा है, सेहत विभाग के डॉक्टर औऱ बाकी संगठन भी आंदोलन की राह पर हैं। वार्ता के बाद में मांगों को लेकर सर्वमान्य हल निकल आने की उम्मीद जगी है।

बताया गया है कि 29 जनवरी को दोपहर बाद होने बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े दर्जन भर संगठनों के पदाधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर मंथन के लिए आएंगे। इसमें सबसे पहले डॉक्टरों को वक्त दिया गया है, सबसे पहले डॉक्टर प्रतिनिधियों की चार प्रमुख मांगों को लेकर विचार किया जाएगा।29 को दोपहर बाद हरियाणा सिविल सचिवालय के आठवें फ्लोर पर संगठनों के प्रतिनिधियों को बुलावा भेजकर समय दिया गया है। काफी समय से मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे संगठन वार्ता रखे जाने से राहत महसूस कर रहे हैं।

## निकाय मंत्री ने अभियंता से गिफ्ट लेने पर निजी सहायक को नौकरी से हटाया

**चंडीगढ़।** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के स्टाफ में नियुक्त निजी सहायक द्वारा नगर निगम, गुरुग्राम के सहायक अभियंता से गिफ्ट लेने पर, उन्होंने कड़ा संज्ञान लिया और उसे नौकरी से हटा दिया, जबकि सहायक अभियंता को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता गुरुग्राम में झंडा फहराने के लिए गए थे। समारोह की समाप्ति के उपरांत मंत्री के संज्ञान में आया कि उनके स्टाफ में शामिल निजी सहायक संजीव सरोहा द्वारा नगर निगम, गुरुग्राम के सहायक अभियंता से व्यक्तिगत इस्तेमाल के लिए खाद्य पदार्थ गिफ्ट के तौर पर लिए। जैसे ही मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के संज्ञान में मामला आया, उन्होंने तुरंत निजी सहायक को नौकरी से हटा दिया।

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने लोकसभा उम्मीदवारों के चयन को लेकर कार्यकर्ताओं से मांगे सुझाव

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया का कहना है कि पिछले 10 वर्षों के सरकार के कुशासन में एक तरफ़ जहां कमरतोड़ महंगाई व बेतहाशा बेरोजगारी का मंजर है, वहीं दूसरी ओर दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और गरीबों के साथ निरंतर भेदभाव व अत्याचार किया जा रहा है। प्रभारी ने कहा कि चुनाव में बेहतर परिणाम के लिए पार्टी उपयुक्त उम्मीदवार का चयन करेगी। कांग्रेस पार्टी द्वारा आगामी चुनाव में सक्षम उम्मीदवारों के चयन में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और व्यापक फीडबैक लेने की व्यवस्था की जा रही है। प्रत्याशी तय करने के लिए हरियाणा एवं दिल्ली में लोकसभा क्षेत्रों से जो भी कार्यकर्ता चुनाव लड़ना चाहते हैं या किसी उम्मीदवार विशेष के लिए कोई सुझाव देना चाहते हैं, वे इस प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए वे अपने सुझाव हरियाणा कांग्रेस राज्य प्रभारी के पास भेज सकते हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 30 जनवरी तय की है।

### सात तक करें आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने बताया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों का चयन शीघ्र किया जाना है, इसलिए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा इन लोकसभा चुनाव के लिए आवेदन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। आवेदन फॉर्म पार्टी कार्यालय में 30 जनवरी से उपलब्ध रहेंगे। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 फरवरी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समस्त दस लोकसभा चुनाव क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता सात तक आवेदन कर सकते है।

## शेरे पंजाब लाला लाजपत राय को किया नमन

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के आह्वान पर शेरे पंजाब एवं आजादी आंदोलन के प्रणेता लाला लाजपत राय की जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई । प्रदेश के विभिन्न जिलों रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, हिसार, जुलाना फतेहाबाद, रोहतक में आयोजित कार्यक्रमों में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत रत्न देने की मांग उठाई गई। महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव जैन ने सोनीपत में लाला लाजपत राय अनाज मंडी में लाला जी को श्रद्धांजलि दी।


**जयंती पर दी श्रद्धांजलि : पंचकूला।** शहीद भगत सिंह जागृति मंच पंचकूला द्वारा पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 159 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शहीद भगत सिंह चौक 11/15 पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ हुआ। मंच के अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह ने बताया कि लाला जी का आजादी के आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस अवसर पर दिया मोदगिल और हिमांगी शर्मा ने लाला जी की जीवनी पर कविता पाठ किया जो सराहनीय रहा। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह, सचिव अक्षय मदान, कृष्ण अवतार जोशी व अन्य मौजूद रहे।

## ग्रामीण ट्यूबवेल आपरेटर ने मांगों को लेकर विधायकों को ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** जिले के ग्रामीण जलकर्मी ने अपनी मांगों को लेकर फरीदाबाद के सभी विधायकों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपा। पंचायत से नगर निगम में शामिल किए गए जल कर्मियों की मांगो को भारतीय मजदूर संघ से संबंधित पब्लिक हैल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर आर्गेनाईजेशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मुनेश बेनीवाल एवं प्रदेश महामंत्री जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में मांगपत्र सभी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जा रहा है।कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, चेयरमैन एवं विधायक नयन पाल रावत, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता को सौंपे गए इस मांगपत्र में जल कर्मियों का पीएफ, ईएसआई, एक्सग्रेसिया का अनुपालन करवाया जाए। सभी जल कर्मियों को नियमित किया जाए, जब तक नियमित नहीं होते 18000 रुपये वेतन दिया जाए।

# अफसरशाही में बदलाव की तैयारी, 2016 बैच के आईएएस लगाए जाएंगे उपायुक्त

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले मुख्यमंत्री अफसरशाही में बदलाव के लिए तैयार हैं। सोमवार की शाम अथवा मंगलवार को किसी भी वक्त तबादले और नियुक्ति की सूची आने का इंतजार किया जा रहा है। वैसे भी, चुनाव आयोग की ओर से एडवाइजरी के हिसाब से भी 3 साल और उससे ज्यादा समय से सीधे चुनाव से जुड़े अधिकारियों के तबादले अनिवार्य करने होंगे। हरिभूमि, ने पहले भी इस संबंध में पाठकों को जानकारी दी थी।हरियाणा की अफसरशाही में प्रदेश से लेकर जिलों में भी बदलाव की बारी है। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि 2016 बैच आईएएस अधिकारियों को बतौर डीसी लगाने की तैयारी है। राज्य के गृह विभाग में स्पेशल सेक्रेटरी लगाने की तैयारी है। हरियाणा प्रदेश सीएमओ के ऑफिसर ब्यूरोक्रेसी में बदलाव का होमवर्क पूरा कर चुके हैं। इस लिस्ट में जिला उपायुक्तों के अलावा हरियाणा सिविल सेवा के अफसरों को शामिल किया है। चुनाव आचार संहिता मार्च के दूसरे सप्ताह में लगने की संभावना है, इसलिए इस लिस्ट में एचसीएस अफसरों सहित दूसरे ऑफिसर्स को भी शामिल किया है। सूची में प्रशासनिक सचिव, विभागाध्यक्ष, जिला उपायुक्त और अन्य भी शामिल होंगे। ये भी चर्चा है कि 2016 बैच के अफसरों को जिला उपायुक्त लगाने की तैयारी है। 2012 बैच अफसरों को डीसी से वापस मुख्यालय लाया जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों ने होमवर्क पूरा कर लिया है।

■ किसी भी वक्त हो सकते है तबादले

### होम डिपार्टमेंट में स्पेशल सेक्रेटरी पद सृजित किया जाएगा

हरियाणा होम डिपार्टमेंट में एक स्पेशल सेक्रेटरी का पद सृजित किया जाए। चर्चा है कि इस पर आईपीएस अधिकारी संजय कुमार या अन्य किसी को तैनात किया जा सकता है।संजय कुमार खुद एडीजीपी पद पर प्रमोट होने की लाइन में लगे हैं। वैसे,इस रैंक के अफसर को प्रिंसिपल सेक्रेटरी लगाया जाता है। गृह विभाग एडिशनल चीफ सेक्रेटरी टीवीएसएन प्रसाद ने अपने पास से आईजी संजय कुमार को उनके मौजूदा कार्यभार के अतिरिक्त सचिव पुलिस कोआर्डिनेशन का काम दे दिया है। गृह विभाग की कई ब्रांचों का काम देखने के आदेश दे रखे हैं। अफसरशाही में चर्चा हो रही है कि पहले प्रधान सचिव परिवहन के पद पर आईपीएस अफसर की तैनाती की हुई है। उधर चर्चा है कि आईपीएस अफसरों के तबादले की भी चर्चा काफी दिनों से चल रही है।, मगर ये तबादले अभी तक नहीं हुए हैं। हिसार रेंज में तैनात एडीजीपी श्रीकांत जाधव की रिटायरमेंट 30 अप्रैल, 2024 है, इसलिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार उन्हें फील्ड से हटाना पड़ेगा। इसी तरह एक जिला उपायुक्त को भी हटाना पड़ेगा। चर्चा तो 2002 बैच के आईएएस अफसरों को भी प्रशासनिक सचिव लगाने की चल रही है मगर यह सिरे नहीं चढ़ी। आयोग ने 25 जनवरी तक लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चार साल की अवधि पूरी करने वाले, गृह जिले वाले और चुनाव से सीधे जुड़े अधिकारियों का तबादला करने के लिए कहा है।

## सूक्ष्म व लघु उद्योगों को राहत दे सरकार : गर्ग

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से पत्र लिखकर मांग कि है कि आगामी बजट में सूक्ष्म, लघु, मझोले उद्योगों की तरफ विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें विशेष राहत दें। क्योंकि पिछले 7 सालों देश व प्रदेश में लगभग 50 प्रतिशत छोटे उद्योग (एमएसएमई) बंद हो चुके हैं और सरकार की गलत नीतियों के कारण आज भी काफी छोटे उद्योग (एमएसएमई) बंद होने के कगार पर है। जबकि एमएसएमई का देश की जीडीपी में 29 प्रतिशत, रोजगार में 28 प्रतिशत, मैन्युफैक्चरिंग में 36 प्रतिशत व नियत में भी एमएसएमई की काफी भागीदारी है। उसके बावजूद भी लगभग 6.25 करोड़ एमएसएमई में से लगभग 3 करोड़ एमएसएमई का बंद होना यह देश के लिये बहुत बड़ा चिंता का विषय है।

## ईको स्पोर्ट्स गाड़ी ने साइकिल और स्कूटी सवार पांच युवकों को कुचला, चार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मामा-भांजा चौक पर तेज रफ्तार कर कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार ईको स्पोर्ट्स कार चालक ने साइकिल व स्कूटी पर काम से घर लौट रहे नेपाल के रहने वाले पांच युवकों को चपेट में ले लिया। हादसे में साइकिल व स्कूटी सवार चार नेपालियों की मौत हो गई और साइकिल सवार नेपाली समेत कार चालक व उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने दो के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। हादसे में दो के परिजन अस्पताल में नहीं पहुंचे। जिसके चलते उनका पोस्टमार्टम सोमवार को करवाया जायेगा। पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपित कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। ओखल डूंगा नेपाल हाल में सारंग रोड हरियाणा टैंट हाउस निवासी दिल बहादुर मगर ने बताया कि वह वेटर का काम करता है। रात करीब 12.15 बजे खिला बहादुर (50) निवासी नेपाल, दल बहादुर (45) निवासी तारा नगर व कुम्हार बहादुर (40)निवासी डूंगा नेपाल के साथ साइकिलों पर जागृति धाम से काम निपटाकर वापिस कमरे पर लौट रहे थे।


सोनीपत। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त गाड़ी।

■ काम के बाद वापस लौट रहे थे नेपाल के युवक

■ मामा-भांजा चौक पर हुआ हादसा

■ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

## खबर संक्षेप



### 242 किलो डोडापोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार

**ओढां।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव मिठड़ी क्षेत्र से एक व्यक्ति 242 किलो 400 ग्राम डोडापोस्त के साथ काबू किया है। आरोपी की पहचान सुखमंद्र सिंह उर्फ मंदरी पुत्र जगदेव सिंह निवासी मिठड़ी के रूप में हुई है।

### केबल आपरेटर ने मंथली देने से मना किया तो हमला

**जींद।** नरवाना में केबल आपरेटर पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी अवनीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह केबल आप्रेटर है। पिछले कुछ दिनों से उसकी केबल कट रही है। जिसकी शिकायत उसने पुलिस को दी हुई है। वह अपने कार्यालय से निकला तो वहां पर मोरपत्ति निवासी धौला तथा राजू व कुछ अन्य युवक मिले।

### बीमारी से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या

**डबवाली।** डबवाली-संगरिया रेल मार्ग पर पीर खाना के समीप आज सुबह एक रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पीर खाना के समीप रहने वाले देवीलाल पुत्र जग्गा राम के रूप में हुई है।

### अग्निवीर वायु प्रवेश परीक्षा के लिए 6 तक आवेदन

**रेवाड़ी।** भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीर वायु प्रवेश वर्ष 2025 के लिए चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 6 फरवरी तक किए जा सकते हैं, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आयोजित होगी।

### नौकरी दिलवाने के नाम पर हड़पे चार लाख

**यमुनानगर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी युवती से चपरासी की नौकरी लगवाने के नाम पर चार लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप उत्तर प्रदेश के बागपत के गांव निरपुडा निवासी निवेश राणा, राम मेहर, मनीष राणा व वीरेंद्र राणा पर लगा है। आरोपियों ने युवती से यह पैसे यमुनानगर के गांव पांसरा में लिए थे। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### एयरफोर्स कर्मी को 22.76 लाख का चूना

**जींद।** शोकार कंपनी में निवेश का झांसा देकर एयरफोर्स कर्मी को 22 लाख 76 हजार रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने एयरफोर्सकर्मी की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव थुआ निवासी नवीन की पत्नी सीमा ने पुलिस को दी शिकायत दी थी।

# चरखी दादरी के खेतों में तेंदुआ देखे जाने की सूचना से सहमे किसान

## ग्रामीणों ने दिन में अकेले और रात को खेतों में जाने से बनाई दूरी, गांव के बाहर लगाया पहरा, करवाई मुनादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी जिले के गांव मकड़ाना, मकड़ानी, चिड़िया व छपार गांव के खेतों में तेंदुआ देखे जाने की सूचना से किसान डरे हुए हैं। तेंदुए का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है, ये वीडियो गांव चिड़िया व झज्जर जिले के गांव झाड़ली का बताया जा रहा है, हालांकि प्रशासन की तरफ से खेतों में तेंदुआ होने की कोई पुष्टि नहीं की गई है। बीती देर रात से सोशल मीडिया पर तेंदुए का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो गांव मकड़ानी व चिड़िया के खेतों का बताया जा रहा है।

**वीडियो में तेंदुआ घूमता नजर आ रहा**



वायरल वीडियो में तेंदुआ घूमता नजर आ रहा है। वीडियो के बाद किसान खेतों सावधानी बरत रहे हैं। इसके बाद जिले के साथ लगते गांव झाड़ली में भी एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक तेंदुआ दिखाई दिया। वीडियो में तेंदुए के साथ एनटीपीसी पॉवर प्लांट भी दिखाई दे रहा है। तेंदुए वाले वीडियो में पॉवर प्लांट दिखाई देने पर ग्रामीणों का शक पुख्ता हो रहा है।

**वीडियो में झाड़ली पॉवर प्लांट दिख रहा**



तेंदुए की वायरल हुई वीडियो में दावा किया जा रहा है कि ये वीडियो चिड़िया गांव का है। इसके बाद एक और वीडियो वायरल हुआ जो झाड़ली गांव का बताया जा रहा है, इस वीडियो में भी तेंदुआ खेतों में घूमता दिखाई दिया। वीडियो में झाड़ली पॉवर प्लांट भी नजर आ रहा है।

### सूचना के बाद मुनादी

मकड़ाना गांव के सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार ने बताया कि पड़ोसी गांव से सूचना मिली थी कि खेतों में एक तेंदुआ घूम रहा है, इसके बाद गांव में मुनादी करवा दी गई है तथा खेतों में जाने वाले किसानों को सावधानी बरतने की हिदायत दी जा रही है। सूचना के बाद खेत में कोई भी अकेला जाने से कतरा रहा है। ग्रामीण पूरी सावधानी बरत रहे है, हालांकि उनके गांव के किसी भी व्यक्ति ने खेतों में अभी तक तेंदुआ नहीं देखा है। केवल वायरल वीडियो के आधार पर ही किसानों को सावधानी बरतने की हिदायत दी गई है। वहीं रात को गांव के चारों तरफ पहरा भी दिया जा रहा हैं, लेकिन तेंदुआ है या अन्य जंगली पशु इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है।

### तेंदुआ आने की अफवाह तेजी से फैल गई

दादरी जिले के गांव छपार में भी तेंदुआ आने की अफवाह तेजी से फैल गई है। गांव के चारों तरफ पहरा लगवा दिया गया है तथा किसानों सावधानी बरतने की सलाह दी है। वायरल वीडियो में कुछ किसान तेंदुए का पीछा करते हुए नजर आ रहे हैं। तेंदुआ आने की सूचना के बाद दादरी जिले के दर्जनों गांव में भय का माहौल बना हुआ है।

# अमेरिका व यूरोप के देशों में डिमांड न निकलने से टूटे बासमती चावल के दाम

## प्रतिवर्ष यूरोप के देशों में 4 लाख टन निर्यात होता है बासमती चावल

- यमन के पास लाल सागर में हूती विद्रोहियों द्वारा समुंद्री जहाजों पर किया जा रहा अटैक
- दो माह पूर्व बासमती धान के दाम 5 हजार के पास था अब 3700 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल पर अटके दाम

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

भारत से निर्यात होने वाले बासमती चावल के भाड़े में वृद्धि होने के कारण अमेरिका व यूरोप के देशों में बासमती चावल की डिमांड न आने से यहां बासमती धान के दाम गिर गए हैं, जिससे अब तक धान लेकर बैठे किसानों के चेहरे लटक गए हैं। दरअसल यमन के पास लाल सागर में हूती विद्रोहियों द्वारा समुंद्री जहाजों पर अटैक किया जा रहा है। लगातार किए जा रहे हमलों के बाद शिपिंग कम्पनियों ने भाड़े में तीन गुणा तक वृद्धि कर दी है। कारण है कि अब मालवाहक जहाज रेड सी की बजाय लंबे रूट (केप ऑफ गुड होप, साउथ अफ्रीका) से यूरोप और अमेरिका जा रहे थे। इस कारण अमेरिका और यूरोपीय देशों से भारतीय बासमती चावल की डिमांड निकलनी बंद हो गई। दो माह पूर्व बासमती धान के दाम 5 हजार के पास घूम रहे थे जो अब कम होकर 3700 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल पर अटक गए हैं।

**स्वेज नहर के जरिये सामान भेजने से बच रहे हैं**



फतेहाबाद। चावल एक्सपोर्टर जिंदल इंडस्ट्रीज। फोटो : हरिभूमि

### खाड़ी देशों के बाद यूरोप सबसे बड़े खरीदार

खाड़ी देशों के बाद अमेरिका व यूरोप के देश ही बासमती चावल के सबसे खरीददार देश थे। इन देशों में भारत से प्रतिवर्ष करीब 4 लाख टन चावल निर्यात होता था। मालवाहक जहाजों पर हो रहे लगातार हमले के बाद अधिकांश एक्सपोर्टर्स लाल सागर और स्वेज नहर के जरिये सामान भेजने से बच रहे हैं, क्योंकि यहां शिपिंग कम्पनियों के भाड़े में वृद्धि के साथ-साथ इंश्योरेंस के मद में काफी ज्यादा प्रीमियम देना पड़ रहा है। इसका सीधा नुकसान भारत के चावल निर्यातकों व किसानों को हो रहा है। इसमें बड़ी वजह यह है कि यहां के एक्सपोर्टर अरब देशों व यूरोप में बासमती की डिलीवरी एफओआर यानि पहुंच के साथ देते हैं। भाड़ा बढ़ने की सीधा असर यहां के एक्सपोर्टरों पर पड़ा है। दीवाली के आसपास फतेहाबाद में बासमती किस्म की वैरायटी पुसा-1121, 1509, 1401 मुच्छल व 1847 वैरायटी के भाव 5 हजार रुपये प्रति क्विंटल के आसपास थे। 1121 के भाव गिरकर 4500 रुपये, 1509 के भाव 3800 रुपये, 1847 के 3700 रुपये तथा 1401 मुच्छल के भाव 4600 रुपये प्रति क्विंटल रह गए हैं।

### माल ढुलाई में बढ़ोतरी से नहीं ले रहे हैं माल

भाड़े में बढ़ोतरी की वजह से जहाजों को लाल सागर क्षेत्र से बचने के लिए मजबूर होना पड़ा और इस वजह से इन जहाजों को यूरोप पहुंचने में 14 दिन ज्यादा लग रहा है। एक्सपोर्ट के लिए इंश्योरेंस रेट भी भारी बढ़ोतरी हो रही है। लाल सागर संकट से पहले यमन, बेरूत, डरबन जैसी जगहों पर बासमती चावल की शिपिंग लागत 850 डॉलर प्रति कंटेनर थी, जो अब बढ़कर 2400 डॉलर प्रति कंटेनर तक पहुंच गई है। इस माल ढुलाई में बढ़ोतरी के कारण खरीदार इस बार माल नहीं ले रहे हैं। नतीजतन, घरेलू बाजार में अब बासमती चावल की कीमतें गिर गई हैं। **-अजय जिंदल**, एमडी जिंदल इंडस्ट्रीज, फतेहाबाद

# भिवानी के सामान्य अस्पताल में 20 दिन की नवजात बच्ची को छोड़ा

- बाल कल्याण की टीम पहुंची और छानबीन शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सामान्य अस्पताल के वार्ड संख्या 6 के आगे कोई अज्ञात व्यक्ति एक 20 दिन नवजात बच्ची को छोड़ गया। बाद में अस्पताल कर्मचारियों ने नवजात बच्ची को देखा और परिजनों के बारे में जानकारी ली,लेकिन कोई भी व्यक्ति आगे नहीं आया। बाद में बाल कल्याण विभाग तथा पुलिस को सूचना दी। बाल कल्याण विभाग तथा पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को अस्पताल में दाखिल करवाया। फिलहाल बच्ची बिल्कुल स्वस्थ है और बाल कल्याण विभाग की टीम मौके पर अज्ञात परिजनों का पता लगा रही है। मामला शनिवार देर शाम का है जब भिवानी के चौधरी बंसीलाल अस्पताल में वार्ड नम्बर 6 के आगे बच्ची के रोने की आवाज आई तो उसे संभालने वाला कोई नहीं था । बच्ची को रोता देखकर कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बच्ची के परिजनों के बारे में जानकारी लेनी चाही। वहां पर मौजूद लोगों से भी पूछताछ की,लेकिन कोई भी व्यक्ति आगे नहीं आया।

# स्कूल में हिस्सेदार बताकर एक व्यक्ति से 15.75 लाख ठगे, सात नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कलायत पुलिस ने मान्यता प्राप्त स्कूल बताकर एक व्यक्ति को हिस्सेदार बनने के नाम पर उसके साथ 1575000 की धोखाधड़ी करने के आरोप में सात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में बालू गांव के रोहतास कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप ागाया है कि बालू गांव सुरेश कुमार, शीला देवी, रीटा, साहिल, राजेश कुमार, सेवाराम तथा विजेंद्र ने एक सुनियोजित तरीके से गैरकानूनी गिरोह बनाते हुए उसे बताया कि शिव शिक्षा समिति द्वारा बालू में चलाया जा रहा स्कूल मान्यता प्राप्त है इसे लेकर उसे हिस्सेदार बना लिया गया। इसे लेकर उससे 15 लाख 75000 की राशि ले ली। बाद में जब उसने कार्यालय जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कैथल में जांच करवाई गई तो उसे फर्जी दस्तावेज के आधार पर फर्जी तरीके से मान्यता लेने वाले दशार्या गया है। इस प्रकार से उपरोक्त दोषियों ने उसे धोखे में रखकर उसके साथ 15,75000 की धोखाधड़ी की। आरोपियों से अपनी राशि वापस लेने की मांग की तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

# फतेहाबाद में मिला सबसे जहरीला कॉमन क्रेट सांप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

गांव काजलहेड़ी में रविवार को उस समय हडकंप मच गया, जब गांव में सबसे जहरीला सांप माने जाने वाला कॉमन क्रेट देखा गया। इस बारे सूचना मिलते ही स्नेक मैन पवन जोगपाल गांव में पहुंचे और यहां पशुओं के बाड़े से एक नहीं दो सांप निकल आए। इनमें सबसे जहरीला कॉमन क्रेट तो दूसरा सांप बिना जहर का रेट स्नेक था। सांप की सूचना से लोगों में हड़कंप की स्थिति थी। सांप पकड़े जाने पर लोगों ने राहत की सांस ली। इससे एक दिन पहले ही गांव के एक अन्य घर में कोबरा सांप भी पकड़ा गया। स्नेक मैन ने सांपों को जंगली क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया। पवन जोगपाल ने बताया कि उन्हें रिंकू बिश्नोई नाम के शख्स ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर में दो सांप नजर आए हैं। जब वे मौके पर पहुंचे तो पशुओं के लिए चारा तैयार करने वाली जगह पर लंबा रेट स्नेक पकड़ा गया। राहत की बात यह रही कि यह जहरीला नहीं होता। इसके बाद दूसरे सांप की खोजबीन की गई तो पशुओं को चारा खिलाने वाले थान के पास छोटा लेकिन सबसे जहरीला सांप कॉमन क्रेट निकल आया। पवन जोगपाल ने बताया कि यह देश का सबसे जहरीला सांप माना जाता है, जो आकार में छोटा होता है और इसके दांत भी छोटे होते हैं, जिस कारण इसके डसने का पता तक नहीं चलता। अक्सर यह गर्म जगह की तलाश में आकर लेट जाता है।

# फैक्ट्री के चौकीदार को बंधक बनाकर लूटी स्क्रैप

- पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के मानकपुर इंडस्ट्री एरिया स्थित मेटल फैक्ट्री के चौकीदार को बदमाशों ने बंधक बनाकर एल्युमिनियम व ट्रांसफार्मर का स्क्रैप लूट लिया। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में इंद्रा कालोनी निवासी दीपक पुनैनी ने बताया कि उनकी मानकपुर इंडस्ट्री एरिया में मेटल फैक्ट्री है। वह बिजली निगम के पुराने ट्रांसफार्मर व एल्युमिनियम का स्क्रैप खरीदते हैं और आगे बेच देते हैं। उसने रात को फैक्ट्री की रखवाली के लिए गांव शाहजहांपुर निवासी मोहित को चौकीदार रखा हुआ है। शनिवार शाम को वह फैक्ट्री का ताला लगाकर चला गया था। इस दौरान चौकीदार फैक्टरी में रखवाली के लिए आ गया। रात को चार-पांच बदमाश गाड़ी लेकर आए। आरोपियों ने चौकीदार को बंधक बनाकर उसके हाथ पैर बांध दिए और फैक्ट्री से स्क्रैप भरकर ले गए। आरोपियों को जाने के बाद चौकीदार के रस्सी खोलकर घटना के बारे में उसे जानकारी दी। उसने मौके पर पहुंचकर घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**जींद में 'बदलाव जनसभा' में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने सरकार पर बोला हमला**

# हरियाणा का बेटा हूं, जेल जाने से नहीं डरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** मंच पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को हल सौंपते हुए कार्यकर्ता।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वो हरियाणा के बेटे हैं और जेल जाने से नहीं डरते हैं। उन्होंने जींद की धरा पर ऐलान किया कि वो राजनीति छोड़ने को तैयार हैं, अगर उनकी पांच मांगों को पूरा कर दिया जाए। 140 करोड़ लोगों की तरफ से पहली मांग है कि देश में सबके लिए एक समान शिक्षा मिले। दूसरी मांग पूरे देश में सबके लिए एक समान सबको अच्छा इलाज मिले। तीसरी मांग महंगाई कम की जाए। चौथी मांग हर युवा को रोजगार मिले और पांचवी मांग इस देश में बिजली सभी को 24 घंटे मिले। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को जींद के एकलव्य स्टेडियम में रविवार को आयोजित एक मौका केजरीवाल को बदलाव जनसभा को संबोधित कर रहे थे। केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा के चुनाव आ रहे हैं। सभी जानते हैं कि किस तरह इंडिया गठबंधन बना है, गठबंधन के हिसाब से ही चुनाव लड़ेंगे। विधानसभा चुनाव आप की सरकार बनाने के लिए अकेले लडेंगे। अक्टूबर में विधानसभा चुनाव हैं और 90 की 90 सीटें आप को देना। केजरीवाल ने कहा कि वो पक्के ईमानदार, देशभक्त, राम व हनुमान भक्त हैं। वो दिल्ली और पंजाब में राम राज्य की तरह ही प्रशासन चला रहे हैं।

**प्रवचन** सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने फतेहाबाद के राधास्वामी आश्रम में सत्संग फरमाए

# माया के जाल से केवल सन्तों का सत्संग ही बचा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** राधा स्वामी आश्रम में सत्संग वचन करते परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज।

आज का युग में पाप कर्मों में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में युवाओं के पथ भ्रष्ट होने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। माया के जाल से केवल सन्तों का सत्संग ही बचा सकता है क्योंकि सत्संग आपको अहसास कराता है कि क्या बुरा है और क्या भला। सत्संग का लाभ भी तभी है जब सत्संग देखने सुनने के लिए बल्कि सत्संग करने के लिए आओगे। सत्संग का यही संदेश है कि आप स्वयं में सुधार ले आओ, समाज स्वतः ही सुधर जाएगा। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने फतेहाबाद के सिरसा रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में साध संगत के समक्ष फरमाएं। कंवर साहेब जी ने फरमाया कि प्रयास कभी मत छोड़ो क्योंकि हाथों पर सरसों हरी नहीं होती। बार-बार अभ्यास ही आपको साधक बनाएगा। आज के युग में साधना और भी ज्यादा जटिल है क्योंकि न तो अब गुरु पूर्ण हैं और न ही शिष्य। उन्होंने कहा कि हमें निराश भी नहीं होना है क्योंकि आज हम जिन की भक्ति के गीत गाते हैं, अगर वो अपने सत्कार्यों से अमर हो सकते हैं तो हम क्यों नहीं। जितने भी महापुरुषों के आज हम गीत गाते हैं, उन सब की यही शिक्षा है कि बुराई तो आप स्वयं ही सीख जाओगे लेकिन अच्छाई के लिए आपको अभ्यास करना पड़ेगा और बार बार करना पड़ेगा। हुजूर महाराज जी ने हैरानी जताते हुए कहा कि जाते तो हो सन्तो के पास लेकिन सुधार की तरफ एक कदम भी नहीं चले तो क्या लाभ है।

### गुरु धारण नहीं करोगे तब तक भक्ति का मार्ग सुलभ नहीं होगा

गुरु महाराज जी ने कहा कि जैसे धोबी के पास साफ नहीं गन्दा कपड़ा ही जाता है वैसे ही सन्तों के पास भी वहीं जीव आते हैं जो अपने कर्मों को धुलवाना चाहते हैं। सन्तो की शरणाई में कोई भी जीव काल की भेंट नहीं चढ़ता, उनको यानि हमेशा इंसान की ही मिलेगी ताकि वो इस बार नहीं तो अगली बार अपना कल्याण करवा लें। उन्होंने कहा कि सन्त चाहे किसी भी परिस्थितियों में हुए हो किसी भी देश में हुए हों उनका लक्ष्य एक ही है कि नियमबद्ध बना कर मनुष्य का जगत और अगत दोनों का सुधार करना। गुरु महाराज ने कहा कि जिस के कारण इतना सुंदर शरीर पाया, इतनी सुंदर सृष्टि पाई हमने उसी को ही बिसार दिया। उन्होंने कहा कि जब तक गुरु धारण नहीं करोगे तब तक भक्ति का मार्ग सुलभ नहीं होगा।

### जब भक्ति के मार्ग पर चल ही पड़े तो फिर संशय कैसा

हुजूर ने कहा कि नाचने ही लग गए तो घूंघट कैसा। जब भक्ति के मार्ग पर चल ही पड़े तो फिर संशय कैसा। सैन भगत, मीरा बाई, बलख बुखारा, पीपा, सहजो बाई इन के नाम आज दुनिया यूं हीं ही नहीं लेती। इन्होंने पूरा जीवन परोपकार और परमार्थ में लगा दिया। हुजूर ने कहा कि क्या पता परमात्मा आपको कब और किस रूप में मिल जाये इसलिए किसी के साथ धोखा और छल मत करो। उन्होंने कहा कि जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा। कितना ही नाच कूद लो, दिखावा कर लो लेकिन बिना प्रीत रूपी खाद डाले भक्ति रूपी फसल नहीं पा सकते। उन्होंने कहा कि जो गुरु से ही द्रोह और घात करता है उसको तो काल पटक पटक कर मारता है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि नानक साहब के दरबार में सेवक रहे बाला मरदाना ने नानक साहब के चोला त्यागने के पश्चात अफसोस किया कि मैंने उनके जीते जी कभी उनकी ताकत को नहीं पहचाना। यही हाल हम सब का है। हम गुरु पर कभी ऐतबार नहीं करते उनको मानस रूप ही मानते हैं। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि गुरु अपने शिष्य के लिए सब कुछ हैं लेकिन शिष्य कोई विरला ही होता है। उन्होंने कहा कि अपनी करनी में सुधार करके पहले अपना यह जगत सुधारो। यहां सुधर जाओगे तो अगत आपका स्वतः ही अच्छा होगा। मन को पाक पवित्र बनाओ। कर्म सुधारो क्योंकि कर्म ही है जो बाजी बनाता और बिगाड़ता है। पिछला भूल जाओ अभी और इसी वक्त सुधर जाओ। बाह्य आचरण नहीं आंतरिक आचरण सुधारो। घरों में शांति बना कर रखो। मां बाप बड़े बुजुर्ग की सेवा करो। बच्चों को संस्कार की विरासत दो। निंदा चुगली द्वेष से बचो। शुद्ध मन शुद्ध वातावरण बनाओ। आप अच्छे बनोगे तो अच्छे गुण ही आप से निकलेंगे। मत भूलो जहां सुमति वहां सुख ही सुख है और जहां कुमति है वहां दुख ही दुख।

# मशीन में दबी अंगुलियों का इलाज के बजाए काटने का आरोप, जांच के निर्देश

- गृहमंत्री विज ने अपने आवास पर आए लोगों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



सेना के जवान व उसके परिजनों से बातचीत करते गृहमंत्री अनिल विज।

युवक की मशीन में दबी अंगुलियों का इलाज कराने के बजाए एक चिकित्सिक ने उंगलियों को ही काट दिया। चिकित्सिक पर लगे आरोपों की जांच अब एसपी अंबाला को करने के आदेश दिए गए हैं। गृहमंत्री अनिल विज रविवार को अपने आवास पर आए लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। अंबाला छावनी बीडी फ्लोर मिल क्षेत्र के रहने वाले परिवार ने अपने शिकायत देते हुए बताया कि उनका बेटा एक फैक्ट्री में काम करता है। कुछ दिन पूर्व उनके बेटे की फैक्ट्री में काम करते हुए तीन अंगुलियां मशीन में आने से दब गई थी। मशीन में अंगुली दबने के कारण फैक्ट्री मालिक किसी प्राइवेट डाक्टर के पास बेटे को ले गया। उनका आरोप था कि डॉक्टर ने बेटे की तीन अंगुलियां काट दी। उंगलियां काटने से पहले फैक्ट्री मालिक ने उन्हें कोई जानकारी तक नहीं दी। पानीपत से आए परिवार ने बताया कि उनके घर में कुछ आरोपियों द्वारा आग लगा दी गई थी जिसमें उनके बच्चे की जलने से मौत हुई थी। परिवार के पांच अन्य सदस्य झुलस गए थे। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज तो किया लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। मंत्री ने पानीपत एसपी को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पलवल से आए सैन्य कर्मी की भी शिकायतें सुनीं।

## खबर संक्षेप

### पीएनबी ने 2023-24 के लिए बढ़ाया मुनाफे का अनुमान




**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपने मुनाफे का अनुमान बढ़ाकर 7,000-7,500 करोड़ रुपये कर दिया है। बैंक ने तीसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक ने इससे पहले कहा था कि चालू वित्त वर्ष में उसका मुनाफा 6,000 करोड़ रुपये रह सकता है।

### बाजार पूंजीकरण में नुकसान एचडीएफसी बैंक को




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का सामूहिक बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 1.16 लाख करोड़ रुपये घट गया। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.56 अंक या 1.37 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स मार्च से 11 परियोजनाएं करेगी शुरू




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स इस तिमाही में मुंबई, पुणे और बेंगलुरु में 11 परियोजनाएं शुरू करेगी। इन परियोजनाओं की कुल राजस्व क्षमता 6,260 करोड़ रुपये है। मैक्रोटेक डेवलपर्स की मुख्य रूप से मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे में उपस्थिति है। कंपनी लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों को बेचती है।

# लाल सागर मार्ग से देश का निर्यात 50 फीसदी, आयात 30 फीसदी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग-अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है।

- हुती विद्रोहियों ने यहां से गुजरने वाले जहाजों पर नवम्बर से हमले शुरू किए

क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल-फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए।

### क्रिसिल रेटिंग्स ने पड़ने वाले प्रभाव को लेकर जारी की रिपोर्ट

#### 18 लाख करोड़ रुपए का निर्यात इसी मार्ग से

पिछले वित्त वर्ष में देश से 18 लाख करोड़ रुपये का निर्यात (50 प्रतिशत) और 17 लाख करोड़ रुपये का आयात (30 प्रतिशत) इन क्षेत्रों से हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश का कुल माल व्यापार 94 लाख करोड़ रुपये था। इसमें मूल्य का 68 प्रतिशत और मात्रा का 95 प्रतिशत समुद्री मार्ग से हुआ था।



#### विद्रोहियों पर अमेरिका व ब्रिटेन का भी जवाबी हमला

फिलहाल अमेरिकी और ब्रिटेन की सेना भी विद्रोहियों पर जवाबी हमले में लगी हुई है। घरेलू कंपनियां यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और पश्चिम एशिया के हिस्से के साथ व्यापार करने के लिए स्वेज नहर के माध्यम से लाल सागर मार्ग का उपयोग करती हैं।

*लंबे मार्ग के कारण आपूर्ति का समय बढ़ा : नवंबर, 2023 से लाल सागर क्षेत्र मार्ग से जाने वाले जहाजों पर बढ़ते हमलों ने जहाजों को 'केप ऑफ गुड होप' के वैकल्पिक लंबे मार्ग पर विचार करने के लिए प्रेरित किया है।*

*60 फीसदी रॉक फॉस्फेट जॉर्डन व मिस्र से आयात*
*देश 30 प्रतिशत डीएपी सऊदी अरब से, 60 प्रतिशत रॉक फॉस्फेट जॉर्डन एवं मिस्र से और 30 प्रतिशत फॉस्फोरिक एसिड जॉर्डन से आयात करता है। कृषि वस्तुओं और समुद्री खाद्य पदार्थों जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों को अपने माल की खराब प्रकृति और/या कम मार्जिन के कारण महत्वपूर्ण प्रभाव देखने को मिल सकता है,।*

*कंटेनर माल ढुलाई दरें 300 प्रतिशत बढ़ीं : नवंबर, 2023 से शंघाई उत्तरी यूरोप कंटेनर माल ढुलाई दरें 300 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 6,000-7,000 अमेरिकी डॉलर/टीईयू हो गई हैं। दूसरी ओर, कपड़ा, रसायन और पूंजीगत सामान जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों पर तुरंत प्रभाव नहीं पड़ सकता है, क्योंकि उनके पास उच्च लागत को वहन करने की बेहतर क्षमता है, या कमजोर व्यापार चक्र भी इसका एक कारण है।*

### चुनाव को देख लोकलुभावन योजनाएं पेश की जा सकती है

# बजट में 'मोदी की गारंटी' छाए रहने की संभावना : पूर्व वित्त सचिव गर्ग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में 'मोदी की गारंटी' की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं।

यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा।

#### 2019 के चुनाव से पहले पेश हुआ था अंतरिम बजट

गर्ग ने कहा, 'वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिये मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं।'

### बजट में मध्यम वर्ग और किसानों के हितों को मिल सकती है प्राथमिकता




#### 30 करोड़ असंगठित श्रमिकों पर होगा ध्यान

पूर्व वित्त सचिव ने कहा, "असंगठित क्षेत्र में बेरोजगारी और वेतन कटौती को लेकर काफी संकट है। केंद्र सरकार के पास असंगठित क्षेत्र के 30 करोड़ श्रमिकों का आंकड़ा है। वित्त मंत्री इन श्रमिकों को आकर्षित करने के लिए कुछ घोषणाएं कर सकती हैं। उन्हें सालाना कुछ नकद राशि देने की घोषणा की जा सकती है।"

- राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत ले सकते हैं
- वित्तमंत्री सीतारमण का यह लगातार छठवां बजट होगा

*75 करोड़ मतदाता होंगे लक्ष्य : पूर्व वित्त सचिव ने कहा, 'सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों - को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं।*

#### पीएम किसान निधि जारी रख सकते हैं

उस समय वित्त मंत्री की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभा रहे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मध्यम वर्ग को आकर्षित करने के लिए पांच लाख रुपये तक की कर-योग्य आय को आयकर से छूट दी थी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 12 करोड़ किसानों को सालाना 6,000 रुपये नकद भी उपलब्ध कराने की घोषणा की।

#### पुरानी घोषनाओं पर दिया जाएगा ध्यान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कई घोषणाएं कीं। इसमें अन्य बातों के अलावा 450 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर, गरीब महिलाओं को 1,250 रुपये का नकद हस्तांतरण, 21 साल की उम्र की तक गरीब लड़कियों को दो लाख रुपये आदि की घोषणाएं शामिल हैं और इन्हें 'मोदी की गारंटी' का नाम दिया गया।

#### वित्तीय सहायता देने की संभावना

बिहार सरकार ने हाल ही में 6,000 रुपये प्रति माह से कम आय वाले 94 लाख गरीब परिवारों को दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। इसको देखते हुए अंतरिम बजट में इस तबके को प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय सहायता दिये जाने की संभावना है।

# राज्यों का राजस्व नवंबर तक पांच प्रतिशत बढ़ा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

- इक्रा रेटिंग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई
- पिछले साल की तुलना में लिया 37 प्रतिशत अधिक कर्ज

देश के 16 सबसे बड़े राज्यों की कुल राजस्व प्राप्तियां अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान पांच प्रतिशत की दर से बढ़ीं। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि 17.4 प्रतिशत रहने का बजट अनुमान है।

इक्रा रेटिंग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान राजस्व वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 80 प्रतिशत घट गई। राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में नवंबर, 2023 तक सालाना आधार पर 37 प्रतिशत अधिक कर्ज लिया है। राजस्व प्राप्ति उम्मीद से कम रहने के चलते उन्हें अपने ऋण, वेतन तथा पेंशन का भुगतान करने के लिए चालू वित्त वर्ष में भारी उधार लेना होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि राजस्व में कमी बिक्री कर में गिरावट, राज्य माल एवं सेवा कर संग्रह (एसजीएसटी), उत्पाद शुल्क और स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क से कम प्राप्तियों के चलते हुई।

#### केंद्रीय अनुदान में कमी से राज्यों की स्थिति हुई तंग

रिपोर्ट में कहा गया कि केंद्रीय अनुदानों में कमी के चलते भी राज्यों की स्थिति तंग हुई है। इक्रा ने कहा कि चौथी तिमाही में राजस्व संग्रह बेहतर होने का अनुमान है, लेकिन यह वृद्धि कमी को पूरी तरह से दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी।

### सीएनएच इस साल भारत में पांच करोड़ डॉलर का करेगी निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इतालवी-अमेरिकी ऑफ रोड निर्माण और कृषि कंपनी सीएनएच इस साल भारत में कृषि मशीनरी खंड में पांच करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी का इरादा इस साल मई में 105 एचपी का ट्रैक्टर भी उतारने का है। सीएनएच इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीएनएच न्यू हॉलैंड ब्रांड नाम से कृषि मशीनरी और उपकरणों का उत्पादन और बिक्री करती है। कंपनी इस साल 30-40 हॉर्सपावर (एचपी) से कम की कॉम्पैक्ट ट्रैक्टर श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करेगी। साथ ही कंपनी का इस साल 1,000 बेलर मशीनें (पराली प्रबंधन के लिए उपयोग की जाने वाली) बेचने का लक्ष्य है।

### बिन्नी बंसल का फ्लिपकार्ट के निदेशक मंडल से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल ने कंपनी के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बयान में यह जानकारी दी। बंसल ने लगभग छह महीने पहले कंपनी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी थी।

## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

**जॉब**

☞ फ्रॉड कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां, गृहणियां, स्टूडेंट, कमाएं (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता WHATSAPP करें- 9241650814

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल


**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**सिंह** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।


**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।


**तुला** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**मकर** मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**मीन** संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

# अंतरिम बजट तय करेगा शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अंतरिम बजट, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत ब्याज दर पर निर्णय और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा निवेशक आगे के संकेतों के लिए विदेशी निवेशकों की गतिविधियों तथा वैश्विक रुख पर नजर रखेंगे। व्यापक आर्थिक मोर्चे पर विनिर्माण क्षेत्र के लिए पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) का आंकड़ा बृहस्पतिवार को आएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी (बृहस्पतिवार) को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक 30 और 31 जनवरी को होगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले बाजार एक दायरे में रहेगा। माना जा रहा है कि इस बैठक में अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दर को यथावत रखेगा और आगे नीतिगत दर में कटौती की समयसीमा के बारे में संकेत देगा। इसके अलावा बीओई (बैंक ऑफ इंग्लैंड) की मौद्रिक नीति भी आने वाली है। साथ ही कुछ प्रमुख आर्थिक आंकड़े आने हैं, जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा इस सप्ताह कई दिग्गज कंपनियां अपने तिमाही नतीजे जारी करेंगी। ऐसे में बाजार में शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।' सप्ताह के दौरान अडाणी ग्रीन एनर्जी, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी इंडिया, टाइटन और इंटरग्लोब एविएशन अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। एंजल वन के तकनीकी विश्लेषक राजेश भोसले ने कहा कि यह सप्ताह महत्वपूर्ण है। सप्ताह के दौरान बजट का महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह आमतौर पर आगे बाजार की दिशा तय करता है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'आगे चलकर प्रमुख देशों के नीतिगत दर पर निर्णय जैसे वैश्विक कारक बाजार को प्रभावित करेंगे।

### भारत की गैस मांग छह फीसदी बढ़ने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** उर्वरक इकाइयों, बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों में खपत बढ़ने के साथ भारत की प्राकृतिक गैस की मांग 2024 में छह प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह जानकारी दी। भारत में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति 2022 में सालाना आधार पर सात प्रतिशत घट गई थी, हालांकि 2023 में इसमें पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान मुख्य रूप से पेट्रोरसायन, बिजली उत्पादन, रिफाइनरी और औद्योगिक क्षेत्रों से मांग बढ़ी। आईईए ने पिछले सप्ताह जारी गैस बाजार रिपोर्ट में कहा, 'भारत में प्राकृतिक गैस की मांग 2024 में छह प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। यह मांग मुख्य रूप से उर्वरक क्षेत्र सहित उद्योग में अधिक गैस उपयोग और बिजली क्षेत्र में मजबूत खपत से समर्थित है। इसके अलावा राष्ट्रीय पाइपलाइन ग्रिड और शहरी अवसंरचना के विकास से भी गैस क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है।

### एसी के लिए पीएलआई योजना 'पासा पलटने' वाली साबित


**नई दिल्ली।** एयर कंडीशनर (एसी) उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना 'पासा पलटने' वाली साबित हो रही है। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस योजना के डेढ़ साल के भीतर घरेलू मूल्यवर्धन का अनुपात 25 प्रतिशत से बढ़कर 45 प्रतिशत हो गया है। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस के भारत और दक्षिण एशिया के चेयरमैन मनीष शर्मा ने कहा कि एयर-कंडीशनर के लिए पीएलआई योजना का एकमात्र उद्देश्य कलपुर्जों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करके वित्त वर्ष 2027-28 तक मूल्यवर्धन को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करना है।

**एस.के.फाइनेंस लिमिटेड**
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

**शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **हिसार शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-
**पुराना पता**- पहली मंजिल, डीएसए-61, अर्बन ईस्टेट-2, हिसार, जिला-हिसार 125005 (हरियाणा)
**नया पता** - ओम कॉम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 2828, द हिसार आदर्श शांति निकेतन कॉप सोसाइटी लिमिटेड, मॉडल टाउन एक्सटेंशन, तोशाम रोड, हिसार-125005 (हरियाणा)
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें।

## शब्द पहेली - 5408



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5407 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5418

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5417 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# यानिक सिनर ने खिताब जीत रचा इतिहास
# ऑस्ट्रेलियाई ओपन को मिला नया चैंपियन

**3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से जीता मैच**

**मेदवेदेव की 6 ग्रैंडस्लैम फाइनल में पांचवीं हार**

मेलबर्न। यानिक सिनर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच के टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने वाले 22 साल के सिनर पहली बार किसी बड़े टूर फाइनल में खेल रहे थे। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी है। अमेरिकी ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव की ग्रैंडस्लैम में छह फाइनल में यह पांचवीं हार है।




### 10 साल बाद मिला नया विजेता

ऑस्ट्रेलियन ओपन को 10 साल बाद कोई नया चैंपियन मिला है। पिछली बार 2014 में स्विट्जरलैंड के स्टैन वावरिंका खिताब जीते थे। उनके बाद कोई नया चैंपियन नहीं मिला था। साल 2004 से स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर, सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्पेन के राफेल नडाल ही इस टूर्नामेंट को जीत रहे हैं। 2004 से फेडरर छह बार चैंपियन बने। जोकोविच ने उनसे ज्यादा 10 बार खिताब अपने नाम किया। वहीं, नडाल दो बार चैंपियन बने। इस बीच रूस के मराट साफिन 2005 और वावरिंका 2014 में सफल हुए थे।

### पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते, चौथे हारे

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार फाइनल में जगह बनाने के बावजूद मेदवेदेव खिताब नहीं जीत सके। वह 2021 में जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हारे थे। नडाल के खिलाफ भी वह अपनी पहले दो सेट की बढ़त को बरकरार नहीं रख सके थे। मेदवेदेव इस बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचने के लिए पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते। इसमें से दो मैचों में उन्होंने शुरुआती दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की।



### सू वेई-मर्टेंस को महिला युगल खिताब

ताईवान की 38 वर्ष की सेह सू वेई ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरे सबसे उम्रदराज महिला बन गई जिन्होंने बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने 11वीं वरीयता प्राप्त लाटविया की येलेना ओस्टापेंको और यूक्रेन की लिउडमाइला किचेनोक को 6-1, 7-5 से हराया। यह सू वेई का सातवां महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब था जबकि मर्टेंस ने चौथी बार जीता है। आस्ट्रेलिया की लीजा रेमंड सू वेई से आठ दिन बड़ी थी जब उन्होंने 2011 अमेरिकी ओपन महिला युगल खिताब जीता था। मार्टिना नवरातिलोवा ने 49 वर्ष की उम्र में बॉब ब्रायन के साथ 2006 अमेरिकी ओपन जीता था।

## खबर संक्षेप



### शाजी की बर्खास्तगी के लिए बैठक कल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने महासचिव शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। उच्च न्यायालय द्वारा हालांकि उनकी बर्खास्तगी पर रोक लगाने के आदेश के बावजूद उन्हें आमंत्रित किये जाने की संभावना नहीं है। बैठक के एजेंडे में एक विषय का उल्लेख है, 'महासचिव के पद से डॉ. शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी और सेवा समाप्ति। नहीं, मुझे एआईएफएफ की मंगलवार की कार्यकारी समिति की बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।'

### हॉकी5 महिला विश्व कप में उपविजेता रही टीम इंडिया



**मस्कट।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी5 महिला विश्व कप के फाइनल में नीदरलैंड से 2-7 से हारकर उपविजेता रही। भारत के लिए ज्योति छत्री ने 20वें और रुतुजा दादासो पिसाल ने 23वें मिनट में गोल दागे। नीदरलैंड के लिए यानेके वान डे वेन्ने (दूसरा और 14वां मिनट), बेंते वान डेर वेल्ट (चौथा और आठवां), लाना काल्से (11वां और 27वां) और सोशा बेनिंगा (13वां मिनट) ने गोल किए। एफआईएच हॉकी5 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी को तीन लाख और सहयोगी स्टाफ को डेढ लाख रुपए पुरस्कार देने का ऐलान किया है।

### ईस्ट बंगाल बना सुपर कप चैम्पियन

**भुवनेश्वर।** कोलकाता का मशहूर क्लब ईस्ट बंगाल क्लेटन सिल्वा के निर्णायक गोल की बदौलत रविवार को यहां रोमांचक फाइनल में ओडिशा एफसी पर 3-2 की जीत से सुपर कप चैम्पियन बना। दोनों टीम को गोल करने के कई मौके मिले लेकिन नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहा। इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम के पहले हाफ के अंत में भी दोनों बराबरी पर थीं। ब्रोजील के क्लेटन ने 111वें मिनट में ईस्ट बंगाल के लिए विजयी गोल दागा जिससे टीम के खिलाड़ी खुशी से झूमने लगे और प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को सदमा लगा। क्लेटन ने ओडिशा के गोलकीपर की गलती का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण मौके पर बायें पैर से शॉट लगाकर गोल किया। ओडिशा एफसी ने फिर बचे हुए समय में बराबरी हासिल करने की कोशिश की लेकिन ईस्ट बंगाल का डिफेंस दमदार रहा।

**टेस्ट : ओली पोप ने बनाए 196 रन, हार्टले ने झटके 7 विकेट**

# हार्टले ने डेब्यू मैच में भारत को किया 'हर्ट' इंग्लैंड ने 28 रन से दर्ज की यादगार जीत

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

ओली पोप (196 रन) के जोशीले शतक के बाद पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले (62 रन देकर सात विकेट) ने जादुई स्पैल डाला। इससे इंग्लैंड ने रविवार को यहां पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत पर 28 रन की यादगार जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया। लेकिन हार्टले की फिरकी के जाल में फंसकर मेजबान टीम चौथे दिन दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। घरेलू टेस्ट में 2013 के बाद यह भारत की चौथी हार है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का रवैया पोप के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी से निपटने के तरीके से बिल्कुल विपरीत था। भारत के दोनों अनुभवी स्पिनर पिच पर कभी भी खतरनाक नहीं दिखे और इंग्लैंड ने दूसरी पारी में काफी रन बटोर लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने पोप की बदौलत दूसरी पारी में 420 रन बनाए जिससे उन्हें काफी अच्छी बढ़त मिली। यह हार भारत को गहरा घाव देगी क्योंकि टीम 25 साल के लंकाशर के ऐसे गेंदबाज के सामने ढह गई जिसे कुल मिलाकर केवल तीन अंतरराष्ट्रीय मैच का अनुभव है।



### हैदराबाद में पहली हार

साथ ही हैदराबाद के इस मैदान पर भारतीय टीम की यह टेस्ट इतिहास में पहली हार है. इस टेस्ट मैच से पहले तक इस मैदान पर भारतीय ने कुल 5 टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें से 4 जीते (लगातार) और 1 ड्रॉ (पहला मैच) रहा था। इस तरह हैदराबाद में भारतीय टीम की यह पहली हार है।

### टेस्ट डेब्यू में ही मचाया धमाल

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ बेन स्टोक्स ने टॉम हार्टली का डेब्यू कराया। भारत की पहली पारी में मात्र दो विकेट लेने वाले टॉम हार्टली का खूब मजाक बनाया गया। इसके बाद भारत की दूसरी पारी में कहर बनकर टूटे। हार्टली ने कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, अक्षर पटेल, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज को अपना शिकार बनाया। हार्टली ने कुल 9 विकेट चटकाए।

### घर में सबसे शर्मनाक हार

भारत की यह अपने घर में अब तक इतिहास की सबसे शर्मनाक हार है। दरअसल, भारतीय टीम पहली बार अपने घर में पहली पारी में 100 या उससे ज्यादा रनों की बढ़त बनाकर हारी है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहली पारी में 190 रनों की बढ़त बनाई थी।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्रॉली का रोहित बो अश्विन | 31 | 33 | 4 | 1 |
| बेन डकेट बो बुमराह | 47 | 52 | 7 | 0 |
| ओली पोप बो बुमराह | 196 | 278 | 21 | 0 |
| जो रूट पगबाधा बो बुमराह | 02 | 06 | 0 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो जडेजा | 10 | 24 | 1 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 06 | 33 | 0 | 0 |
| बेन फोक्स बो पटेल | 34 | 81 | 2 | 0 |
| रेहान का भरत बो बुमराह | 28 | 53 | 3 | 0 |
| टॉम हार्टली बो अश्विन | 34 | 52 | 4 | 0 |
| वुड का भरत बो जडेजा | 00 | 07 | 0 | 0 |
| जैक लीच नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 32, कुल : 102.1 ओवर में 420/10
गेंदबाजी : बुमराह 16.1-4-41-4, अश्विन 29-4-126-3, पटेल 16-2-74-1, जडेजा 34-1-131-2, सिराज 7-1-22-0

| भारत दूसरी पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित पगबाधा बो हार्टले | 39 | 58 | 7 | 0 |
| यशस्वी का पोप बो हार्टले | 15 | 35 | 2 | 0 |
| शुभमन का पोप बो हार्टले | 00 | 02 | 0 | 0 |
| राहुल पगबाधा बो रूट | 22 | 48 | 3 | 0 |
| अक्षर का एवं बो हार्टले | 17 | 42 | 3 | 0 |
| श्रेयस अय्यर का रूट बो लीच | 13 | 31 | 1 | 0 |
| रविंद्र जडेजा रन आउट | 02 | 20 | 0 | 0 |
| श्रीकर भरत बो हार्टले | 28 | 59 | 3 | 0 |
| अश्विन स्ट फोक्स बो हार्टले | 28 | 84 | 2 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 06 | 18 | 0 | 0 |
| सिराज स्ट फोक्स बो हार्टले | 12 | 20 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 20, कुल : 69.2 ओवर में 202/10
गेंदबाजी : रूट 19-3-41-1, मार्क वुड 8-1-15-0, टॉम हार्टले 26.2-5-62-7, लीच 10-1-33-1, रेहान अहमद 6-0-33-0

# हॉकी : भारत की 1-5 की हार से दक्षिण अफ्रीका दौरा खत्म



एजेंसी ▶▶| केपटाउन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रविवार को यहां नीदरलैंड के हाथों मिली 1-5 की निराशाजनक हार से समाप्त किया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल अभिषेक ने 39वें मिनट में किया। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन (10वें और 28वें) ने दो गोल दागे जबकि विश्व की शीर्ष रैंकिंग टीम के लिए डुको टेलजेनकैम्प (16वें), जेप होडरमेकर्स (21वें) और कोएन बिजेन (35वें) ने एक एक गोल किए। नीदरलैंड ने जानसेन के गोल से शुरू में ही बढ़त बना ली। दूसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने 16वें और 21वें मिनट में दो गोल कर भारत पर दबाव बना दिया।

फिर जानसेन ने 28वें मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया और नीदरलैंड की टीम पहले हाफ में 4-0 से आगे हो गई। बिजेन ने एक और गोल कर नीदरलैंड को 5-0 से बढ़त दिला ली। फिर अभिषेक ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर स्कोर 1-5 किया। अंतिम 15 मिनट में कोई गोल नहीं हुआ।

**जोसेफ को 7 विकेट**

# वेस्टइंडीज ने 27 साल बाद आस्ट्रेलिया को दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

शामार जोसेफ के सात विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है। जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर सात विकेट लिए और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे।

- स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर रहे नाबाद

### दो मैचों की सीरीज, 1-1 से बराबर



एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 24 वर्ष के जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की। वाका पर 1997 में दस विकेट से जीत दर्ज करने के बाद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच नहीं जीता है। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 311 और दूसरी पारी में 193 रन बनाए थे। मेजबान कंगारुओं ने 289 और दूसरी पारी में 207 रन ही बना सके।

# कोहली कभी नहीं गए एनसीए : रोहित

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि विराट कोहली ने शायद ही कभी फिटनेस से संबंधित रिहैबिलिटेशन के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कदम रखा हो। रोहित ने उभरते हुए खिलाड़ियों को इस दिग्गज बल्लेबाज की 'खेल में सुधार और फिटनेस के लिए मेहनत' का पालन करने की सलाह दी।

- भारतीय कप्तान रोहित ने उभरते हुए खिलाड़ियों को किया प्रेरित

रोहित ने 'जियो सिनेमा' पर भारत के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक से कहा, 'विराट कोहली अपने पूरे करियर में कभी भी एनसीए नहीं गए। मैं कहूंगा कि सभी युवा खिलाड़ियों को उनके जुनून से सीखना चाहिए। उसके कवर ड्राइव, फ्लिक और कट जैसे शॉट का अनुसरण करने से पहले आपको यह समझना होगा कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता क्या है जो उसे आज इस मुकाम पर पहुंचाती है। मैंने कोहली को काफी देखा है। उसने जो हासिल किया है उससे वह आसानी से संतुष्ट हो सकता है। वह कह सकते हैं कि मैं इन दो-तीन श्रृंखलाओं में आराम करूंगा, लेकिन वह हमेशा टीम के लिए मौजूद हैं।'



### भारत ने हॉकी फाइव्स विश्व कप में स्विट्जरलैंड को हराया

**मस्कट।** भारत ने रविवार को यहां हॉकी फाइव्स पुरुष विश्व कप के पूल बी मैच में स्विट्जरलैंड पर 9-1 की जीत से शुरूआत की लेकिन अगले मुकाबले में मिस्र से 6-8 से हार गया। भारत और स्विट्जरलैंड के बीच मैच में शुरू में दोनों टीम आक्रामक दिखीं। कई प्रयासों के बाद भारत ने मोहम्मद रहील (छठे, 12वें), मंदीप मोर (11वें, 15वें) के गोल से पहले हाफ में 4-0 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में भारत ने गेंद पर कब्जा बनाये रखने की रणनीति पर काम किया जो उसके लिए फलदायी साबित हुई। मनिंदर सिंह ने 19वें, 22वें, 26वें और 28वें मिनट में चार गोल दाग दिये। रहील (28वें) ने फिर अपनी हैट्रिक पूरी की। स्विट्जरलैंड के लिए एकमात्र गोल कप्तान गेल विस चोडट ने 24वें मिनट में दागा। दिन के दूसरे मैच में भारत ने पवन राजभर (तीसरे) की बदौलत शुरू में बढ़त बनायी लेकिन मिस्र ने होसोलदिन (पांचवें, नौवें) ने दो गोल किये। अहमद एलगानेनी (सातवें) और आम्र सईद (12वें) ने गोल कर अपनी टीम की बढ़त में इजाफा किया। मोहम्मद (14वें) ने भारत के लिए अंतर कम किया। लेकिन अहमद एलनागर (15वें,19वें) ने दो गोल दाग दिये जबकि अमिर सैयद (18वें) और अहमद एलगानेनी (25वें) ने मैच में अपने दूसरे गोल से मिस्र की बढ़त बढ़ाई।


**पिता के 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण टीम से लिया था आराम**

# फिट दीपक चाहर की निगाहें टी20 विश्व कप पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर व्यक्तिगत तौर पर चुनौतीपूर्ण दौर के कारण कुछ मुकाबलों में नहीं खेल पाए लेकिन अब वह वापसी को तैयार हैं और उनकी निगाहें इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हुई हैं।

पिता के 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण वह दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे और फिर इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए। चाहर ने कहा, 'मैं अपने पिता की वजह से ही यहां हूं, जो भी मैंने हासिल किया है वो अपने पिता की वजह से ही हासिल किया। इस हालत में अगर उनके पास नहीं हूं तो मैं कैसा बेटा हूं? अगर यह श्रृंखला भारत में होती तो मैं निश्चित रूप से खेलने की कोशिश करता क्योंकि अगर जरूरत होती तो मैं चार-पांच घंटे में अस्पताल पहुंच सकता था। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो तीन दिन वापस आने में लगते। तो मेरे लिए आसान फैसला अपने पिता के साथ रहने का था, कोई भी बेटा ऐसा करेगा। मैं 25 दिन तक अपने पिता के साथ अस्पताल में था। वह आगरा में नहीं अलीगढ़ में थे। हम सभी को उनके साथ वहीं रूकना था। मैं बस कुछ व्यायाम ही कर पाता था। मैं कोई भी क्रिकेट गतिविधि नहीं कर रहा था इसलए मैं अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए तैयार नहीं था।'




### एनसीए में किया अभ्यास

चाहर ने कहा, 'मैंने एक महीने से अभ्यास नहीं किया था। मैं एनसीए गया और अभ्यास शुरू किया। मैं अब पूरी तरह फिट हूं। सब ठीक है और मैंने आईपीएल और विश्व कप के लिए कड़ी ट्रेनिंग की है। मैं चोटों के कारण दो टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाया। अगर मैं पूरी तरह फिट होता तो मैं विश्व कप टीम का भी हिस्सा होता। किसी भी टीम संयोजन में हमेशा ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है तो जो सातवें, आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाजी कर सके। मैंने ऐसा किया है और भारतीय टीम के लिए रन बनाए हैं।'

## चिंतन

# बिहार में उम्मीदों के रथ पर सवार भाजपा-जदयू

बिहार का राजनीतिक समीकरण फिर से बदल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजग में आ गए हैं और बिहार में राजग की सरकार बन गई है। वर्ष 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में जदयू-भाजपा गठबंधन वाले राजग को ही जनादेश मिला था। वर्ष 2022 में नीतीश ने जनादेश का अपमान करते हुए राजद व कांग्रेस के साथ महागठबंधन में जाकर सरकार बना ली थी, अब वर्ष 2024 तक आते आते करीब दो साल में उन्हें अपने राजनीतिक नुकसान का अंदाजा हुआ तो, उन्होंने अपनी गलती सुधारते हुए फिर से भाजपा के साथ सरकार बना ली। नीतीश को अपने पाले में लाकर भाजपा ने एकसाथ कई राजनीतिक निशाने साधे हैं। पहली बात तो नीतीश को अपने खेमे में लाकर भाजपा ने विपक्ष के गठबंधन 'इंडिया' को कमजोर कर दिया। दूसरी बात, महागठबंधन से जदयू के निकल जाने से राजद, कांग्रेस व वामदलों के गठबंधन कमजोर हो गए हैं। तीसरी अहम बात कि नीतीश कुमार को साथ लाकर भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग को मजबूत कर लिया है। बिहार में लवकुश (कुर्मी-कोइरी) समीकरण (लगभग छह प्रतिशत) के वोटबैंक बन गए हैं। नीतीश कुमार के महादलित व अत्यंत पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) वोट बैंक, जो करीब क्रमशः करीब 19 फीसदी व 36 फीसदी हैं, के अब भाजपा के साथ आ जाने से करीब साठ फीसदी वोटबैंक राजग के बन गए हैं। अब बिहार में महादलित, अत्यंत पिछड़ा व सवर्ण का सोशल समीकरण बन गया है, जो राजग के लिए अहम साबित होगा। नीतीश कुमार के जाति जनगणना मुद्दे की हवा निकल गई है। इससे पहले 2005 में, 2010 में, 2019 में और 2020 में इस समीकरण की बदौलत भाजपा व जदयू ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वर्ष 2024 के लिए इसी तरह के प्रदर्शन दोहराने के लक्ष्य के साथ भाजपा व जदयू दोनों उम्मीदों के नए रथ पर सवार हो गए हैं। वर्ष 2013 में जब एनडीए से अलग हुए तो वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में व 2015 के विधानसभा में जदयू का बुरा हश्र हुआ था। इस बार राजग का लक्ष्य बिहार के सभी 40 लोकसभा सीट हैं, जो जदयू के बिना संभव नहीं था। भाजपा के लिए महाराष्ट्र से अच्छी रिपोर्ट नहीं है, तेलंगाना व कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बन चुकी है, तमिलनाडु व झारखंड की स्थिति भी अलग है, पश्चिम बंगाल में ममता को मात देना आसान नहीं है, ऐसे में बिहार को सुनिश्चित करना जरूरी है। राम मंदिर के बाद बने माहौल, नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में अगर नीतीश कुमार की सुशासन छवि जुड़ जाएगी, तो भाजपा के लिए बिहार फतह करना आसान हो जाएगा। बेशक हाल के दिनों में जदयू व भाजपा के बीच खटास रहे, लेकिन राजनीति में इन सबके लिए स्थाई जगह नहीं होती है। महागठबंधन से बाहर निकलने के लिए जदयू ने जिस तरह कांग्रेस के सिर ठिकरा फोड़ा है और कर्पूरी टाकुर को भारत रत्न दिए जाने के बाद बने सियासी माहौल को भुनाया है, उससे साफ है कि नीतीश कुमार भविष्य की राजनीति के लिए सेफ गेम की तलाश में थे। नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर श्रद्धांजलि देते बिना किसी का नाम लिए कहा कि कर्पूरी ठाकुर अपने परिवार का पक्ष नहीं लेते थे लेकिन आज लोग परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं, उनका सीधा निशाना लालू यादव पर था। भाजपा परिवारवाद व वंशवाद की राजनीति पर कड़ा प्रहार करती रही है।



उम्मीद
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अंतरिम बजट के होंगे चुनावी रंग

> वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोक लुभावन बड़ी घोषणाएँ की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्वप्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा। यह बात भी महत्वनपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है।

एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने वाले वर्ष 2024 के अंतरिम बजट की तैयारियों का अंतिम चरण 24 जनवरी को हलवा वितरण समारोह के साथ आरंभ हुआ। पिछले तीन पूर्ण बजट की तरह नया अंतरिम बजट भी पूरी तरह से पेपरलेस होगा। वस्तुतः इस समय पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री के द्वारा पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट की ओर लगी हुई है।

वस्तुतः देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं। एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है। सामान्यतया अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है, लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोक लुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है। इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं।

निसंदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं। एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा और आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है। वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोक लुभावन बड़ी घोषणाएँ की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्वप्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा।

यह बात भी महत्वनपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 के 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। जहाँ पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने हुए हैं, वहीं, आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान 3.5 लाख रुपए के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हो गए हैं। निसंदेह वित्तमंत्री के मुठ्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर



संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा वित्तमंत्री के पास कुछ और अनुकूलताएं भी हैं, जिनके मद्देनजर वे उपयुक्त जरूरी राहत दे सकती हैं। इस वित्त वर्ष 2023-24 में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए वे अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक जीडीपी के 5.9 तक नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं। यह बात भी स्पष्ट रूप से उभरकर दिखाई दे रही है कि पिछले लोकसभा चुनाव के पहले 2019 के अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए थे। चूँकि पिछले माह दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका अहम मानी गई हैं। इसे ध्यान में रखते हुए वित्तमंत्री आमजन के हितार्थ कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ जरूरी प्रावधान कर सकती हैं।

नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं व मध्यम वर्ग कोकुछ राहत दी जा सकती है। बजट में किफायती आवासों के लोन पर ब्याज पर सब्सिडी बढ़ सकती है। नई मैन्युक्चरिंग यूनिट के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ सकती है। किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में बड़े ऐलान हो सकते हैं। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जा सकती है।नए बजट में राजकोषीय घाटा और विनिवेश लक्ष्य कम हो सकता है। विनिवेश लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपए से नीचे रखा जा सकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहाँ विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए अंतरिम बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे कपड़ा और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है। नए अंतरिम बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढाँचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं। नए बजट में वित्तमंत्री जनकल्याण की ऐसी घोषणाएं भी कर सकती है, जो अंतरिम बजट का हिस्सा नहीं होते हुए आगामी पूर्ण बजट की घोषणाओं की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए दिखाई दें। यह भी संभव है कि नए अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल जैसी सामाजिक मदों में खर्च की बढ़ोतरी हो। इन दिनों वेतनभोगी (सेलरीड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हेंकुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। ऐसे में नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत लगभक 50 हजार रुपए तक की राहत मिल सकती है। मानक कटौती सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये किए जाने और जिन मकानों में व्यक्ति खुद रह रहा हो, उस पर लिए गए आवास ऋण पर ब्याज पर कर छूट की सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर कम से कम 2.5 लाख रुपये किए जाने की अपेक्षा है।

चूंकि पीएम नरेंद्र मोदी वित्तीय अनुशासन की दृढ़ता दिखा रहे हैं। ऐसे में यदि केंद्र को अपने घाटे को चालू वर्ष में जीडीपी के 5.9 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाना है तो ढेर सारी लोक लुभावन योजनाओं के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित है। अगले दो वर्षों में 1.4 फीसदी की कमी चुनौतीपूर्ण होगी। ऐसे में वित्तमंत्री के लिए अंतरिम बजट में कई चुनौतियां होंगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

राजनीति
सुरेश हिंदुस्तानी



# तार-तार होता कांग्रेस का विपक्षी एकता का सपना

वर्तमान में राजनीति रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे हैं। तू डाल डाल, मैं पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। इससे एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस के नेतृत्व को कोई भी दल सर्वसम्मति से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन कांग्रेस का रवैया ऐसा दिखाई दे रहा है, जैसे उनका ही दल सब कुछ है। पश्चिम बंगाल और पंजाब की राजनीतिक स्वरों के निहितार्थ तलाशे जाएं तो यह कहने में कोई अतिरेक नहीं होगा कि कांग्रेस इन राज्यों में अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। ऐसा इसलिए भी संभव है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का आधार और प्रभाव है और वह किसी भी प्रकार से अपने प्रभाव को कमजोर करने का काम नहीं करेंगी, क्योंकि ममता के पास पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं भी राजनीतिक जमीन नहीं है। ऐसा ही पंजाब में आम आदमी पार्टी के बारे में कहा जा सकता है। इन दोनों दलों का व्यापक प्रभाव इन्हीं राज्यों में है, जिसे वह खोना नहीं चाहते।



आज भले ही कांग्रेस की ओर से विपक्षी एकता के प्रयास किए जा रहे हों, लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है, जब कांग्रेस अन्य राजनीतिक दलों उनकी महत्वाकांक्षाओं के साथ स्वीकार किया जाए, लेकिन कांग्रेस की वर्तमान रवैए को देखते हुए ऐसा संभव नहीं लगता।

एक समय गठबंधन के मुख्य सूत्रधार कहे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अब विपक्षी गठबंधन को बाय बाय कह चुके हैं। वे राजग में लौट आए हैं। बिहार में नीतीश कुमार राजग की सरकार बना चुके हैं। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नीतीश कुमार को उतना राजनीतिक महत्व देना नहीं चाहती, जो वह चाहते थे। नीतीश के कदम ने कांग्रेस को झटका दे दिया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया से नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के निकलने को विपक्षी एकता के लिए जबरदस्त आघात के रूप में ही देखा जा रहा है। ऐसा करने के पीछे अनुमान यही है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी स्वीकारोक्ति में वृद्धि की है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भले ही न्यायालय के आदेश पर हुआ हो, लेकिन इसके लिए भाजपा के योगदान को आज पूरा देश जानता है। आज बिहार की राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यह कहना ठीक ही होगा कि वहां भले ही राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड के बीच बेमेल गठबंधन बनाकर सरकार का संचालन किया जा रहा था, लेकिन इन दोनों दलों के बीच विचारों की एकता नहीं थी। दोनों ही दल अपनी अपनी दाल पकाने में व्यस्त रहे। कहा तो यह भी जा रहा है कि लालू प्रसाद यादव अपने पुत्र को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान करने की राजनीति करने लगे थे। जिसे लिए जदयू में तोड़ फोड़ की भी असफल कोशिश की गई थी। इसी प्रकार की स्थिति उत्तरप्रदेश की है, जहां कांग्रेस की राजनीतिक जमीन शून्यता की ओर कदम बढ़ा रही है। बसपा पहले ही एकला चलो का ऐलान कर चुकी है। बिहार का हश्र देखने के बाद सपा के साथ अंतिम समय में सीट शेयरिंग की है कांग्रेस ने। इस प्रकार की परिस्थिति के बीच कांग्रेस अपने राजनीतिक भविष्य की तस्वीर में किस प्रकार से रंग भरेगी, यह फिलहाल कहना मुश्किल है। कुल मिलाकर यही कहा जाएगा कि विपक्ष की एकता जो प्रयास किए जा रहे हैं, उसके समक्ष एक एक करके बड़े अवरोध भी स्थापित हो रहे हैं। इस अवरोधों का सामना करने की हिम्मत एकता से ही संभव हो सकती थी, जो फिलहाल असंभव सा ही लग रहा है। ऐसा लगने लगा है विपक्षी एकता के प्रयास तार-तार हो रहे हैं। इसके पीछे कांग्रेस की अपनी राजनीति एक बड़ी बड़ी वजह है। विपक्षी राजनीतिक दलों को भविष्य की राजनीति की ओर कदम बढ़ाना है तो उसे भाजपा नीत राजग के बरक्श पूरी तैयारी के साथ आगे आना होगा, जो फिलहाल दिखाई नहीं दे रही है। कांग्रेस को केवल अपने बारे में सोचने से बात नहीं बनेगी, सबको साथ लेना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# रिलेशनशिप इन बातों से हो सकती है स्ट्रांग



संकलित
## दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। *-श्री श्री रविशंकर*

# छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हानिकारक है प्लास्टिक का कचरा

स्वच्छता का लक्ष्य और स्वच्छ भारत का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तक प्लास्टिक का प्रयोग शत-प्रतिशत बंद नहीं होता। हमारे देश में प्लास्टिक कचरा भी बढ़ता जा रहा है, कूड़े के ढेर में सबसे ज्यादा पॉलीथिन बैग ही नजर आते हैं। प्लास्टिक के कचरे को जला कर भी नष्ट नहीं किया जा सकता। इसे जलाने से जहरीली गैसें निकलती हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार देश में सबसे ज़्यादा प्लास्टिक कचरा बोतलों का भी होता है। देश के नागरिक और विदेशी लोग भी जब किसी कारण हमारे देश आते हैं, तो ये भी पानी की प्लास्टिक की बोतलों को इधर-उधर फैंक कर प्लास्टिक कचरे को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक का दिन-प्रतिदिन बढ़ता प्रयोग लोगों की सेहत पर तो भारी पड़ ही रहा है, साथ ही प्रकृति को दूषित करने का काम भी कर रहा है। *- संजय साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

# भारत-अमेरिकी संबंधों में हो रहे बदलाव: संधू

अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत एवं अमेरिका के संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं जो कि द्विपक्षीय संबंधों की अभी सिर्फ शुरुआत है तथा इस दीर्घकालिक रिश्ते का दायरा अभी और बढ़ेगा। संधू ने यहां गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि यहां रह रहे भारतीयों की दूसरी पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे। उन्होंने कहा, 'मैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि आज भारत में अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों, भारत से जुड़े रहें।'



संधू 35 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद इस महीने के अंत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संधू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पूंजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आने से सभी युवा भारतीय अमेरिकियों को नौकरी के अधिकतर अवसर प्राप्त करने का विशिष्ट अवसर मिलेगा। संधू ने कहा, 'इसलिए न केवल भावनात्मक, सांस्कृतिक और कई अन्य कारणों से, बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक कारणों से भी भारत से जुड़े रहें।'

## ऑफ बीट

# स्वाद हमारे खाने को गति देने में देता है मदद

एक वैज्ञानिक के रूप में जो भूख और वजन नियंत्रण की जांच करता है, मुझे इस बात में दिलचस्पी है कि हमारा दिमाग किस तरह से हमें बताता है



कि हमने पर्याप्त मात्रा में भोजन खा लिया है। हमें जैसे-जैसे अपना पेट भरा हुआ महसूस होने लगता है, हम खाने की गति धीमी कर देते हैं। दशकों से, वैज्ञानिकों ने यही सोचा है कि गति में यह परिवर्तन केवल पेट और आंतों से मस्तिष्क तक आने वाले संकेतों से प्रेरित था। लेकिन यूसी सैन फ्रांसिस्को में मेरी प्रयोगशाला के एक नए अध्ययन से पता चला है कि वास्तव में, एक और प्रक्रिया काम कर रही है, और यह जैसे ही हम अपने भोजन का स्वाद लेते हैं, शुरू हो जाती है। इस प्रक्रिया के बारे में अभी अधिक पता नहीं चला है क्योंकि हम किसी जानवर के भोजन करते समय उसके मस्तिष्क की संबंधित गतिविधि का निरीक्षण नहीं कर पाए हैं। इसमें शामिल न्यूरॉन्स मस्तिष्क तंत्र में गहरे होते हैं। मेरी प्रयोगशाला में एक स्नातक छात्र, ट्रूओंग ली ने नई तकनीकें विकसित कीं, जिससे हमें चूहों में पहली बार इन न्यूरॉन्स की गतिविधि को देखने की अनुमति मिली। 'न्यूरॉन' तंत्रिका तंत्र में स्थित एक कोशिका है।

## ट्रेंड

### नीतीश को बधाई




बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ऊर्जा, बुद्धि का प्रबंधन करेंगे



एक बार जब आपको यह एहसास हो जाए कि आपका समय सीमित है, तो आप अनुभव की अधिकतम गहराई और दुनिया में अधिकतम प्रभाव उत्पन्न करने के लिए अपनी ऊर्जा, बुद्धि और क्षमताओं का प्रबंधन करेंगे।
**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### आज वह सच हो गया



देश में 'आया राम-गया राम' जैसे कई लोग हैं। पहले वो और हम मिलकर लड़ रहे थे। जब मैंने लालू जी और तेजस्वी जी से बात की तो उन्होंने भी कहा कि नीतीश जा रहे हैं। आज वह सच हो गया।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### शाश्वत रोमांच का उदाहरण



भारत और इंग्लैंड के बीच हो रहे कड़े मुकाबले के साथ ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की अप्रत्याशित जीत वास्तव में टेस्ट क्रिकेट के शाश्वत रोमांच, नाटक और रोमांस का उदाहरण है।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com


दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

# आज बन रहे कानून कल के उज्ज्वल भारत का आधार बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक न्याय कानून बनने से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सैकड़ों साल पुराने कानूनों से नए कानूनों की ओर प्रवेश सुचारू हो।

इस संबंध में, हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्य पहले ही शुरू कर दिया है। मोदी ने उच्चतम न्यायालय से अन्य हितधारकों के क्षमता निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का हिस्सा है। सरकार लगातार काम कर रही है और भरोसेमंद न्यायिक प्रणाली बनाने के लिए कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में उठाया गया कदम है। भविष्य में इससे न्यायिक प्रणाली पर अनावश्यक बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता संबंधी कानून से अदालतों पर बोझ कम होगा।



### पीएम ने नई वेबसाइट लांच की सीजेआई चंद्रचूड़ ने भविष्य का प्लान किया साझा

सुप्रीम कोर्ट 75 साल का हो गया है। रविवार को सर्वोच्च न्यायालय के 75 साल होने पर आयोजित कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने फ्यूचर प्लान बताया। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट को लांच किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार वर्तमान संदर्भ को ध्यान में रखते हुए कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है। ये कानून भारत को भविष्य में और मजबूत करेंगे।

### उच्चतम न्यायालय ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया

मोदी ने कहा कि मध्यस्थता संबंधी कानून से अदालतों पर बोझ कम होगा क्योंकि इससे वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र में सुधार होगा। उच्चतम न्यायालय ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है और व्यक्तिगत अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कई महत्वपूर्ण फैसले दिए हैं जिससे देश के सामाजिक-राजनीतिक परिवेश को नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की आज की आर्थिक नीतियां कल के उज्ज्वल भारत का आधार बनेंगी और आज भारत में जो कानून बन रहे हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूती प्रदान करेंगे। आज बनाए गए कानून भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।

### फरवरी में दो बार ओडिशा का दौरा कर सकते हैं मोदी

भुवनेश्वर (भाषा) पीएम मोदी के फरवरी में दो बार ओडिशा का दौरा करने की संभावना है। भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने रविवार को यह जानकारी दी। मोदी का तीन को संबलपुर जाने और एक बैठक को संबोधित करने का कार्यक्रम और 10 को भी राज्य की राजधानी का दौरा कर सकते हैं।

### न्यायपालिका को 'कठिन संवाद' शुरू करने की जरूरतः सीजेआई

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने रविवार को 'स्थगन की संस्कृति' और लंबी छुट्टियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने की न्यायपालिका की क्षमता के लिए जरूरी है कि वह चुनौतियों को पहचाने और 'कठिन संवाद'शुरू करे। उन्होंने हाशिए पर मौजूद वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने और पहली पीढ़ी के वकीलों को समान अवसर प्रदान करने पर भी जोर दिया। प्रधान न्यायाधीश शीर्ष अदालत की स्थापना के हीरक जयंती वर्ष के उद्घाटन के अवसर पर उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि कानूनी पेशे में पारंपरिक रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम रहता था, लेकिन अब जिला न्यायपालिका के कार्यबल में उनकी हिस्सेदारी 36.3 प्रतिशत है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने समाज के विभिन्न वर्गों को कानूनी पेशे में शामिल करने का आह्वान किया।

■ प्रधान न्यायाधीश बोले-स्थगन की संस्कृति और लंबी छुट्टी के मुद्दे का भी करना होगा समाधान

# बंगाल में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दो दिन के विश्राम के बाद जलपाईगुड़ी से फिर शुरू हुई

भाषा ▶▶ सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दो दिन के विश्राम के बाद रविवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले से फिर से शुरू हो गई। कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के साथ एक एसयूवी गाड़ी में बैठकर गांधी जलपाईगुड़ी शहर से गुजरे और उन्होंने लोगों की तरफ हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया।

कांग्रेस की प्रदेश इकाई के एक नेता ने बताया कि यात्रा रातभर सिलीगुड़ी के पास रुकेगी। उन्होंने कहा कि सोमवार को यात्रा बिहार में प्रवेश करने से पहले उत्तर दिनाजपुर जिले के इस्लामपुर जाएगी। इससे पहले दिन में सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे पर राहुल गांधी के पहुंचने पर चौधरी ने उनका स्वागत किया।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत यात्रा 31 जनवरी को मालदा के रास्ते पश्चिम बंगाल में दोबारा प्रवेश करेगी और मुर्शिदाबाद से गुजरने के बाद एक फरवरी को राज्य से रवाना होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि राज्य में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में किसी भी तरह का कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।



### पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रहीः राहुल गांधी

**सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर देशभर में नफरत और हिंसा फैलाने तथा गरीबों और युवाओं के हितों को नजरअंदाज करके बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए काम करने का आरोप लगाया। गांधी उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को संबोधित कर रहे थे। केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए एक अल्पकालिक भर्ती योजना 'अग्निवीर' को शुरू करके उन युवाओं का मखौल उड़ाया है जो सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहते थे।" उन्होंने कहा, "देशभर में नफरत और हिंसा फैलायी जा रही है। इससे कोई फायदा नहीं होगा। नफरत फैलाने के बजाय, हमें प्यार का प्रसार करने और अपने युवाओं को न्याय दिलाने की दिशा में काम करना होगा।

### जाति आधारित गणना कराने की घोषणा न्याय की दिशा में पहला कदम

राहुल गांधी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी और उनकी सरकार को जाति आधारित गणना कराने की घोषणा करने के लिए बधाई दी और इसे 'न्याय की ओर पहला कदम' करार दिया। गांधी ने कहा कि देश की समृद्धि में समाज के हर वर्ग की समान भागीदारी सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका जाति आधारित गणना है। कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जातिगत जनगणना न्याय की पहली सीढ़ी है! क्योंकि किसी समाज की सामाजिक और आर्थिक सेहत जाने बिना, उसके लिए सही योजनाएं बना पाना असंभव है।

# स्वच्छता कर्मियों के लिए सुनिश्चित करेंगे न्यूनतम मानदेय की गारंटी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को स्वच्छताकर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह उनके लिए न्यूनतम मानदेय की गारंटी सुनिश्चित करेंगे। नगर निगम की तरफ से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मेलन की शुरुआत के साथ ही मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में हुए योगी ने कहा कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हर हाल में मिलनी चाहिए। सरकार जल्द ही



इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी। स्वच्छताकर्मियों के सुनिश्चित मानदेय के लिए पहले ही एक समिति गठित की गई है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मानदेय के साथ स्वच्छताकर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।''

### समस्या का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता

**गोरखपुर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में 250 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि सभी की समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थनापत्र लेकर उसे अधिकारियों को इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें। योगी ने सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन में वहां जुटे सभी लोगों से एक-एक कर मुलाकात की।

कर्नाटकः एक गांव की घटना

## हनुमान ध्वज को हटाने पर तनाव, पुलिस बल प्रयोग

**मांड्या (भाषा)।** कर्नाटक में मांड्या जिले के केरागोडु गांव में रविवार को उस समय तनाव पैदा हो गया, जब अधिकारियों ने 108 फुट ऊंचे स्तंभ से हनुमान ध्वज उतार दिया। इस घटना के बाद राज्य में सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। ध्वज उतारे जाने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल सेक्युलर (जद-एस) और बजरंग दल के सदस्यों के साथ-साथ गांव और उसके आसपास के लोगों के एकत्र होने पर, एहतियातन बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

■ राज्य में सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक विवाद शुरू

पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने ध्वज स्तंभ पर हनुमान ध्वज (भगवान हनुमान की तस्वीर वाले झंडे) की जगह राष्ट्रीय ध्वज लगा दिया। आधिकारिक और पुलिस सूत्रों ने बताया कि केरागोडु और 12 पड़ोसी गांवों के निवासियों और कुछ संगठनों ने रंगमंदिर के पास ध्वज स्तंभ की स्थापना के लिए धन दिया था। कथित तौर पर, भाजपा और जद (एस) कार्यकर्ता इसमें सक्रिय रूप से शामिल थे।

कयासों का दौर शुरू

## ईडी का समन मिलने के बाद दिल्ली पहुंचे सोरेन

**रांची (भाषा)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नया समन जारी किए जाने के बाद अचानक दिल्ली रवाना हो गए हैं। सोरेन शनिवार रात को दिल्ली रवाना हुए जिसकी वजह से कयासों का दौर शुरू हो गया है। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन भेजकर पूछा था कि क्या वह 29 या 31 जनवरी को पूछताछ के लिए उपलब्ध हैं? ईडी के इस समन की पृष्ठभूमि में सोरेने की दिल्ली यात्रा हो रही है। एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया कि उनके दिल्ली जाने की कोई योजना नहीं थी। ईडी द्वारा समन भेजे जाने के बाद अचानक उनकी योजना बनी। उनके कई कार्यक्रम प्रस्तावित हैं जिनमें 29 जनवरी को चाईबासा में, 30 जनवरी को पलामू में और 31 जनवरी को गिरिडीह में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम शामिल हैं।" एक सूत्र ने बताया कि सोरेन कानूनी परामर्श के लिए दिल्ली गए हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय से इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।




'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एंड गैदरिंग ऑफ एल्डर्स' कार्यक्रम

# समस्याओं का समाधान आध्यात्मिक एकता की प्राचीन भारतीय अवधारणा में निहितः भागवत

भाषा ▶▶ डिब्रूगढ़ (असम)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि भौतिक प्रगति के बावजूद विश्व आज भी उन्हीं समस्याओं का सामना कर रहा है जो हजारों साल से मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान 'आध्यात्मिक एकता' की प्राचीन भारतीय अवधारणा में निहित है। भागवत ने प्राचीन परंपराओं और संस्कृतियों के आध्यात्मिक गुरुओं को समर्पित एक गैर-लाभकारी संगठन अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र (आईसीसीएस) द्वारा आयोजित आठवें 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एंड गैदरिंग ऑफ एल्डर्स' के उद्घाटन सत्र में यह टिप्पणी की। यह सम्मेलन एक फरवरी तक चलेगा। शिक्षा और प्रौद्योगिकी में प्रगति के बावजूद युद्ध अब भी होते हैं और बाहरी तथा आंतरिक, दोनों तरह से शांति की कमी है। उन्होंने व्यक्तिगत या सामुदायिक स्तर पर अहंकार और मन की संकीर्णता के मुद्दों पर प्रकाश डाला। भागवत ने कहा कि इन समस्याओं को समझने और हल करने के प्रयास किए गए जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न सिद्धांत और दर्शन सामने आए हैं जो मुख्य रूप से भौतिक समृद्धि पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन परंपराओं ने 'आध्यात्मिक एकता' की अवधारणा को मान्यता दी जिसे भारत में 'धर्म' के रूप में जाना जाता है।






## कॉलेज से पढ़ाई करने के समय नीतीश छात्र राजनीति में आए और 'जेपी आंदोलन' से मिली पहचान

# नीतीश कुमार: बिहार में सबसे लंबे समय से मुख्यमंत्री जिनकी पार्टी को अपने बूते कभी बहुमत नहीं मिला

भाषा ▶▶ पटना

जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने खुद को एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया है, जिन्होंने सबसे लंबे समय तक बिहार में शासन किया, जबकि उनकी पार्टी कभी भी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई। इस उपलब्धि के पीछे छिपा हुआ तथ्य और उनका राजनीतिक कौशल यह है कि नीतीश (72) कभी भी अपने सहयोगियों के साथ सहज नहीं रह सके, जिसके कारण उन्हें कई बार साझेदार बदलने पड़े। भागलपुर से कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने चुटकी लेते हुए कहा, जितनी बार नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ गठबंधन किया, साथ छोड़ा और फिर से गठबंधन किया, उसके लिए उनका नाम 'गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज होने लायक है। शर्मा ने 2013 में नीतीश के भाजपा से नाता तोड़ने के बाद की गई उनकी उस टिप्पणी का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था, ''मिट्टी में मिल जाएंगे मगर भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अपने चार दशकों के राजनीतिक करियर में अवसरवादिता का आरोप और पलटू राम जैसे नामों के साथ नीतीश पर तंज कसा जाता रहा।



### पहली चुनावी सफलता 1985 के विस चुनाव में मिली

एक मार्च, 1951 को पटना के बाहरी इलाके बख्तियारपुर में एक आयुर्वेदिक चिकित्सक-सह-स्वतंत्रता सेनानी के घर जन्मे नीतीश ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। पटना के बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज से पढ़ाई करने के समय नीतीश छात्र राजनीति में आए और 'जेपी आंदोलन' से जुड़े। इस आंदोलन में शामिल लालू और सुशील मोदी सहित कई सहयोगियों से उनकी नजदीकी बढ़ी। नीतीश को पहली चुनावी सफलता 1985 के विधानसभा चुनाव में मिली, कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल की, हालांकि वह लोकदल के लिए हरनौत सीट जीतने में कामयाब रहे।

### कांग्रेस ने नीतीश की तुलना 'गिरगिट' से की, 'विश्वासघात में माहिर' बताया



**नई दिल्ली।** (भाषा) नीतीश कुमार के रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस ने उनकी तुलना ''गिरगिट'' से की और कहा कि राज्य के लोग ''धोखा देने के इस विशेषज्ञ'' और उन्हें अपने इशारों पर नचा रहे लोगों को कभी माफ नहीं करेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल राजेन्द्र वी आर्लेकर को रविवार सुबह अपना इस्तीफा सौंप दिया। वह राज्य में 'महागठबंधन' से अलग हो गए। कुमार के इस कदम से 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को भी बड़ा झटका लगा है। नीतीश कुमार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़कर अगस्त 2022 में 'महागठबंधन' में शामिल हुए थे। तब उन्होंने भाजपा पर जद(यू) (जनता दल-यूनाइटेड) को 'विभाजित' करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। उन्होंने बहुदलीय गठबंधन के साथ नयी सरकार बनाई थी जिसमें राजद (राष्ट्रीय जनता दल), कांग्रेस और तीन वामपंथी दल शामिल थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वह महागठबंधन छोड़ने के कुमार के फैसले के बारे में पहले से जानते थे लेकिन उन्होंने 'इंडिया' को बरकरार रखने के लिए कुछ नहीं कहा। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''देश में 'आया राम-गया राम' जैसे कई लोग हैं। पहले वे और हम मिलकर लड़ रहे थे।

### देर आए दुरुस्त आए : आठवले

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) अध्यक्ष नीतीश कुमार के भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे 'देर आए दुरुस्त आए' करार दिया।



केंद्रीय सामाजिक न्याय और आठवले ने कहा कि कुमार ने राजग का हिस्सा बनने का सही समय पर सही फैसला किया। पहले दिन में, कुमार ने यह कहते हुए बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया कि महागठबंधन और विपक्षी गठबंधन इंडिया में उनके लिए 'चीजें अच्छी तरह से काम नहीं कर रही थीं'।

### नीतीश विश्वासघात में पारंगत

**रांची।** विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनका



राजनीतिक चरित्र 'विश्वाघात' का रहा है। झामुमो ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड (जद यू) प्रमुख को खुद नहीं पता कि वह किस पाले के हैं। झामुमो के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि नीतीश कुमार का इस्तीफा अपेक्षित था, क्योंकि विश्वासघात उनका राजनीतिक चरित्र रहा है। भट्टाचार्य ने कहा कि कुमार मुख्यमंत्री पद पर बने रहना चाहते थे।

### तृणमूल ने नीतीश की निंदा की

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पद से इस्तीफा देने और ''बार-बार राजनीतिक पाला बदलने के लिए'' रविवार को उनकी निंदा की और कहा कि लोग



इस प्रकार की ''अवसरवादिता'' का उचित जवाब देंगे। तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं सांसद सौगत रॉय ने कहा कि नीतीश कुमार नियमित अंतराल पर अपना राजनीतिक पाला बदलने के लिए जाने जाते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) को छोड़ने का फैसला किया और उनके राजग में शामिल होने की संभावना है।

## यूजीसी के दिशा-निर्देश

# आरक्षित पदों पर उम्मीदवार नहीं तो हटाया जा सकता है आरक्षण!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नये मसौदा दिशानिर्देशों में सुझाव दिया गया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार नहीं आने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नये मसौदा दिशानिर्देशों में यह जानकारी दी गई है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भारत सरकार की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश' हितधारकों की आपत्ति और सुझाव के खातिर सार्वजनिक किए गए हैं। मसौदा दिशा-निर्देश में कहा गया, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रिक्तियां संबंधित उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नहीं भरी जा सकती। यह भी कहा गया, हालांकि, एक आरक्षित रिक्ति को अनारक्षण की प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है। लेकिन साथ ही कहा गया है कि सीधी भर्ती के मामले में आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित घोषित करने पर प्रतिबंध है।

### इनके लिए ऐसे निर्देश

यह भी सुझाव है, ग्रुप सी या डी के मामले में आरक्षण रद करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद को भेजा जाना चाहिए। समूह 'ए' या 'बी' के मामले में प्रस्ताव आवश्यक अनुमोदन के लिए पूर्ण विवरण के साथ शिक्षा मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

### ग्रुप ए के लिए ही आरक्षण रद का प्रस्ताव

मसौदे के अनुसार, चूंकि समूह 'ए' सेवा में कोई रिक्ति सार्वजनिक हित में खाली नहीं छोड़ी जा सकती, ऐसे में इस तरह के दुर्लभ और असाधारण मामलों में संबंधित विश्वविद्यालय रिक्ति के आरक्षण को रद्द करने का प्रस्ताव तैयार कर सकता है। अपने प्रस्ताव में उसे बताना होगा कि पद भरने के लिए कितनी बार प्रयास किए गए, रिक्ति को क्यों खाली नहीं रखा जा सकता और आरक्षण रद करने का औचित्यक्या है।




## विजय चौक पर होगा कार्यक्रम

# बीटिंग रिट्रीट समारोह में बजाई जाएंगी भारतीय धुन

**नई दिल्ली (भाषा)।** गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक समापन के मौके पर रायसीना हिल्स पर सोमवार को आयोजित होने जा रहे 'बीटिंग रिट्रीट' में सेना और अर्द्धसैनिक बलों के बैंड पूर्ण रूप से भारतीय धुन बजाएंगे। समारोह राजधानी में विजय चौक पर होगा और इसी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का भी औपचारिक समापन हो जाएगा। रायसीना हिल्स 'पूर्ण रूप से भारतीय धुनों का गवाह बनेगा' जो 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान बजाया जाएगा। भारतीय थलसेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायुसेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के संगीत बैंड विशिष्ट दर्शकों के सामने 31 मनमोहक और झूमने को मजबूर करने वाली भारतीय धुन बजाएंगे।' दर्शकों में राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य शामिल होंगे।

**थलसेना नौसेना और वायुसेना देंगी प्रस्तुति**

## हूतियों ने जहाज पर किया हमला, भारतीय नौसेना ने आग बुझाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय नौसेना के युद्धपोत की अग्निशमन टीम ने अदन की खाड़ी में एक मिसाइल से हमला होने के बाद शनिवार रात एक व्यापारिक जहाज में लगी भीषण आग को बुझाया। मिसाइल से निशाना बनाए जाने के बाद आईएनएस विशाखापत्तनम ने व्यापारिक जहाज मार्लिन लुआंडा से एसओएस कॉल का जवाब दिया। तेल टैंकर में 22 भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक सवार थे।

## मालदीव की संसद में मारपीट, कैबिनेट को लेकर जमकर हंगामा

**माले (एजेंसी)।** मालदीव की संसद में रविवार को जबरदस्त मारपीट और हंगामा हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- रविवार को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की कैबिनेट पर संसद की मुहर लगनी थी। जब विपक्षी सांसद संसद के अंदर जाने लगे तो गार्ड्स ने उन्हें रोकने की कोशिश की। हालांकि, ज्यादातर सांसद अंदर चले गए। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने स्पीकर पर पक्षपात का आरोप लगाया और उनके कान के पास अपने साथ लाए बिगुल बजाने लगे। सत्ता पक्ष के सांसदों ने विरोध किया। कुछ देर में मामला मारपीट तक जा पहुंचा। इसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## तीन सैनिकों की मौत

# जॉर्डन में अमेरिका के मिलिट्री बेस पर हमला

**अम्मान (एजेंसी)।** जॉर्डन में सीरियाई सीमा के पास स्थित एक अमेरिकी मिलिट्री बेस पर आतंकवादी हमला हुआ है। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि यह हमला शनिवार रात को हुआ, जिसमें तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है और 25 अन्य घायल हैं। गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बार है कि मध्य पूर्व में दुश्मन की गोलीबारी में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि इस हमले के पीछे ईरान समर्थित मिलिशिया का हाथ है। ये मिलिशिया सीरिया, इराक, लेबनान और लीबिया में सक्रिय हैं। इससे पहले भी इराक में अमेरिकी एयरबेस पर हमला हुआ था, लेकिन उसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। इस हमले के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने बदला लेने की धमकी दी है। यूएस सेंट्रल कमांड के मुताबिक, हमला पूर्वोत्तर जॉर्डन के एक बेस पर हुआ। सैनिकों की पहचान उनके परिजनों को सूचित किए जाने के 24 घंटे बाद तक गुप्त रखी जाएगी।

**राष्ट्रपति जो बाइडन ने बदला लेने की धमकी दी, बदला जरूर लेंगे**




## एसआई की सूझबूझ से बची जान



बेहोश होकर गिरे पैट्रिक को तत्काल दी सीपीआर

*नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर की सूझबूझ से फ्रेंच मूल के 63 वर्षीय बर्ट्रेंड पैट्रिक की जान बच गई। वे एयरपोर्ट करीब 11:40 बजे बर्ट्रेंड पैट्रिक सुरक्षा जांच के लिए लाइन में खड़े थे, तभी उन्हें हार्ट अटेक आ गया और वे गिर गए। एक्स-रे मशीन पर तैनात सीआईएसएफ के सब-इंस्पेक्टर पुनीत तिवारी ने तत्काल पैट्रिक को सीपीआर दी। डॉक्टर भी पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद बर्ट्रेंड पैट्रिक को पूरी तरह से होश आ गया।*

## इसरो लांच करेगा इनसेट-3 डीएस

# मौसम का मिलेगा सटीक पूर्वानुमान-आपदा का अलर्ट

**नई दिल्ली।** इसरो ने नया मौसम उपग्रह इनसेट-3 डीएस लांच करेगा। इस सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा से लांच किया जाना है। नए सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा भेज दिया गया है। इस सैटेलाइट को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के लिए बेंगलुरु के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर में विकसित किया गया है। इसरो ने एक बयान में कहा कि सैटेलाइट को मौसम संबंधी पूर्वानुमान और आपदा चेतावनी के लिए उन्नत तकनीकी से डिजाइन किया गया है। यह धरती के अलावा समुद्री सतह की भी निगरानी करेगा। इसरो के सीनियर अधिकारियों के अनुसार जीएसएलवी-एफ14 फरवरी के पहले सप्ताह में उड़ान भरने वाला है।



### वेधशाला उपग्रहों की सीरीज

यह जलवायु वेधशाला उपग्रहों की सीरीज का हिस्सा है। इसमें इनसेट-3 डीएस और इनसेट-3 डीडीआर सहित 3 और सैटेलाइट शामिल हैं। इससे मौसम की सटीक भविष्यवाणी, समुद्री तूफानों आदि की सही समय पर जानकारी मिल सकेगी।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला

# कमाई न हो तो भी पत्नी के भरण-पोषण की जिम्मेदारी

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति-पत्नी को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। इसमें कहा गया है कि अगर पति की कमाई न हो तो उसे पत्नी को भरण-पोषण देना होगा। कोर्ट ने कहा कि अकुशल मजदूर के रूप में एक व्यक्ति 300 से 400 रुपए कमा सकता है। ऐसे में वह पत्नी को पैसे देने से मुकर नहीं सकता है। इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच में जस्टिस रेनू अग्रवाल ने यह फैसला सुनाया। उन्होंने एक व्यक्ति द्वारा दायर रिवीजन पेटिशन पर यह फैसला सुनाया। फैमिली कोर्ट ने इस व्यक्ति को आदेश दिया था कि वह हर महीने अपनी पत्नी को 2000 रुपए गुजारा-भत्ता दे।



### पति ने दिया था यह तर्क

कपल की शादी 2015 में हुई थी। साल 2016 में पत्नी ने पति और ससुरालवालों के खिलाफ दहेज को लेकर केस दर्ज कराया। पति ने तर्क दिया कि वह मजदूर के रूप में काम करता और किराए के घर में रहता है। गुजारा-भत्ता देने में अक्षमता जताई थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25